

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हार्दिक-रोहित सब बेकार ! पूर्व क्रिकेटर सहवाग ने बताया कौन होगा ...

नेतन्याहू धमकी देना बंद करो, नहीं तो परमाणु बम गिरा देंगे ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 32 | पटना, सोमवार, 13 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### यदि लोग आम आदमी पार्टी को चुनेंगे, तो मुझे दोबारा जेल नहीं जाना पड़ेगा: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि यदि लोग 25 मई को आम आदमी पार्टी को चुनते हैं, तो उन्हें दोबारा जेल नहीं जाना पड़ेगा। केजरीवाल ने यहां एक रोड शो के दौरान कहा, मुझे 20 दिन बाद वापस जेल जाना है। यदि आप झाड़ू को चुनते हैं, तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ केजरीवाल ने पार्टी के नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार सोमनाथ भारती के समर्थन में मोती नगर में एक रोड शो किया। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना है। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने मुझे जेल भेजा, क्योंकि मैंने आपके लिए काम किया। भाजपा नहीं चाहती कि दिल्ली के लोगों का काम हो। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल में उन्हें इंसुलिन के टीके 15 दिन तक उपलब्ध नहीं कराये गये। उन्होंने आरोप लगाया, यदि मैं वापस जेल गया, तो भारतीय जनता पार्टी मुफ्त बिजली देना बंद कर देगी, स्कूलों को खराब कर देगी और अस्पतालों तथा मोहल्ला क्लीनिक को बंद कर देगी। उन्होंने लोगों से भारती के लिए वोट करने को भी कहा, क्योंकि वह विषम परिस्थितियों में भी जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### ऐतिहासिक, अद्भुत और अद्वितीय रहा पीएम का रोड शो : मंगल

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेगा रोड शो को सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने ऐतिहासिक, अद्भुत और अद्वितीय बताया है। श्री पांडेय ने कहा कि आजादी के बाद पटना में पहली बार देश के किसी प्रधानमंत्री ने रोड शो कर कृतिमान स्थापित किया है। रोड शो को लेकर पटना की सड़कों पर सुबह से ही उत्सवी माहौल बना रहा। आदरणीय प्रधानमंत्री के रोड शो में बुजुर्गों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं किशोरों ने हिस्सा लिया। श्री पांडेय ने कहा कि लगभग दो किलोमीटर लंबा रोड शो यह बता रहा था कि प्रधानमंत्री के प्रति लोगों में कितना स्नेह और विश्वास है। सभी कतारबद्ध होकर आदरणीय प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को बेताब थे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिहार की जनता उनकी हैट्रिक पारी के लिए बढ़-चढ़ कर वोटिंग में किस कदर हिस्सा लेगी।

### फ्रांस के राजनयिक ने किया गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन

गोरखपुर। फ्रांस के राजनयिक लॉरेंट त्रिपोने ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया। मंदिर की देव्यता एवं भव्यता से अभिभूत त्रिपोने ने परिसर में स्थित सभी देव विग्रहों का दर्शन कर मत्था टेका। उन्होंने गीताप्रेस, रामगढ़ताल क्षेत्र समेत गोरखपुर के कुछ प्रमुख स्थलों का भी भ्रमण किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे नया सुविकसित शहर बताया। लॉरेंट त्रिपोने नई दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास में प्रधान राजनीतिक काउंसलर के पद पर तैनात हैं। वह निजी यात्रा पर गोरखपुर आए थे। इस दौरान रविवार सुबह वह गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। परिसर के अन्य मंदिरों का दर्शन करने के साथ ही गोरक्षपीठ के पूर्व पीठाधीश्वरों महंत दिग्विजयनाथ महाराज, महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की समाधि पर शीश झुकाया।

**आम जनमानस का दिखा उत्साह, जय श्री राम के नारे से गूंज उठा शहर**

# पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, सीएम नीतीश भी रहें मौजूद

**शंखनाद, मंत्रोच्चार व पुष्पवर्षा से पीएम का हुआ स्वागत, महिलाएं साथ में लेकर आईं फूल और आरती की थाली**



प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में राजधानी पटना की सड़कों जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश के साथ गाड़ी पर सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। पटना में जगह-जगह प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मंच लगाए गए। रोड शो के दौरान पीएम मोदी पर लगातार फूलों की बरसात होती रही। राम मंदिर और गुरुद्वारा की अलग-अलग झांकियां सजाई गई। प्रधानमंत्री का रोड शो भट्टाचार्य मोड़ से शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ और एसपी वर्मा मार्ग, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, पीर मोहानी बुद्ध मूर्ति, कदमकुआं. बारी पथ और बाकरगंज होते हुए गांधी मैदान के पास उद्योग भवन तक समाप्त हुआ। पहले इसकी शुरूआत डाकबंगला से होनी थी, मगर आखिरी घंटों में सुरक्षा कारणों से रूट में बदलाव किया गया। यह रोड शो करीब दो किलोमीटर लंबा रहा। रोड शो के रूट पर पीएम मोदी को देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। इस दौरान गंगा आरती और मंत्रोच्चार भी किया गया। जब प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश का रोड शो गुजरा तो पूरा पटना मोदी जिंदाबाद के नारों और जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे , जैसे गीतों से गुंजायमान हो गया। पटना के लिए यह पहला मौका है, जब कोई प्रधानमंत्री यहां रोड शो किया। ऐसे में हर कोई प्रधानमन्त्री की एक तस्वीर अपने कैमरों में कैप्चर करने के लिए लालायित नजर आया। प्रधानमंत्री के साथ खुल वाहन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी तथा पटना साहिब के भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद रहे। प्रधानमंत्री हाथ हिलाकर सबका अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं। रविशंकर प्रसाद के हाथ में कमल के फूल का कट आउट लेकर लोगों को उत्साहित करते दिखे। इस रोड शो को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अभिवादन करते रहे। इस दौरान कहीं नृत्य चलता रहा तो समर्थक मोदी के नारे लगा रहें। इस रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। कई जगहों पर बैरिकेडिंग लगाया गया।

**मुस्लिम महिलाओं ने पीएम का किया स्वागत :** मुस्लिम महिलाएं भी अपने पारम्परिक पोशाक में रोड शो में शामिल हुई और प्रधानमन्त्री की आरती उतारी। प्रधानमंत्री के रोड शो शुरू होने के पहले ही मुस्लिम महिलाएं सड़कों पर उतर गई थी। मुस्लिम महिलाएं दावा करती नजर आयी कि मोदी जी की सरकार में मुस्लिम सबसे महफूज हैं। रोड शो में शामिल प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि रोड शो में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने हिस्सा लिया। इन महिलाओं ने प्रधानमंत्री की तस्वीर की आरती उतारी।

### पीएम के दीदार के लिए घंटों खड़े रहें समर्थक

देश के किसी प्रधानमंत्री द्वारा पटना में किए जा रहे रोड शो को देखने के लिए सड़क पर दोपहर से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। शाम सात बजे के बाद जैसे ही प्रधानमंत्री का रोड शो शुरू हुआ। अपने प्रिय नेता की तस्वीर लेने के लिए लोगों ने अपने मोबाइल फोन को बाहर निकाल लिया।

इस दौरान पीएम मोदी भी क्रीम कलर के कुर्ते में खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन करते नजर आए। वहीं उनकी गाड़ी के आगे बीजेपी महिला विंग की सदस्य सिर पर भाजपा की पगड़ी पहने हुए चल रही थी। राज्यभवन से अपने काफिला के साथ निकले पीएम मोदी जब इनकम टैक्स चौराहा पर पहुंचे तो समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। चारों तरफ मोदी मोदी के नारे और अबकी बार 400 पार से गूंज उठा। पीएम मोदी को देखते ही इनकम टैक्स चौराहा पर मौजूद जनता जोर-जोर से मोदी मोदी और जय श्री राम का नारा लगाने लगे। पटना के इनकम टैक्स पर पीएम मोदी को देखने के लिए आम जनों की भारी हुजूम पहुंची हुई थी। बच्चे बूढ़े से लेकर हर एक लोग घंटों मोदी के आने का इंतजार कर रहे थे। जब पीएम मोदी का काफिला इनकम टैक्स चौराहा से गुजर तो पीएम मोदी के लिए जनता का प्रेम उमड़ पड़ा। पीएम मोदी के एक झलक को पाने के लिए सभी लोग घंटा लाइन में खड़े रहे। चौकस पुलिस प्रशासन के बीच पीएम मोदी पटना में रोड शो कर रहे हैं।

वहीं पीएम मोदी के रोड शो में पहुंचे महिलाओं और पुरुषों में काफी उत्साह देखने को मिला। उनका कहना था कि सुबह से 6 चुनावी रैली, घंटों सभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी के चेहरे पर एक चमक थी। पीएम मोदी के चेहरे की चमक के सब कायल हो गए। कुछ लोगों का कहना था कि पीएम मोदी को कोई दिव्य शक्ति प्राप्त है। जिसके वजह से वह इतने ऊजार्वान है और उनके चेहरे पर एक चमक हर वक्त देखने को मिलता है। कुछ महिलाओं का कहना था कि वह घर पर बिना खाना बनाएं सिर्फ पीएम मोदी को देखने के लिए पहुंची हुई है।

# चौथा चरण : बिहार की 5 सीटों पर मतदान आज, तैयारी पूरी

**दो केन्द्रीय मंत्री सहित कई दिग्गजों की साख दांव पर**



प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग आज सोमवार 13 मई की सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार की पांच सीटों पर वोटिंग होनी है। 13 मई को दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। पांचों सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। प्रचार के आखिरी दिन एनडीए और महागठबंधन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। चौथे चरण के मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

चौथे चरण के चुनाव में दो केन्द्रीय मंत्री सहित कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी हुई है। मुंगेर में ललन सिंह, बेगूसराय में गिरिराज सिंह, उजियारपुर से नित्यानंद राय और दरभंगा सीट से बीजेपी के गोपालजी ठाकुर की किस्मत का फैसला 13 मई को करेगी। इन सीटिंग सांसदों को जनता फिर से आशीर्वाद देती है या नए चेहरों को मौका मिलेगा? यह तो 4 जून को ही पता चलेगा। दरभंगा में बीजेपी के मौजूदा सांसद गोपालजी ठाकुर का राजद के ललित यादव से सीधा मुकाबला होगा। वहीं उजियारपुर सीट पर बीजेपी सांसद नित्यानंद और आरजेडी के आलोक मेहता के बीच लड़ाई है। बेगूसराय सीट पर बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह और सीपीआई के अवधेश राय के बीच जबकि मुंगेर सीट पर जेडीयू सांसद ललन सिंह और कुख्यात अशोक महतो की पत्नी अनिता देवी के बीच मुकाबला है। उधर, समस्तीपुर में दो युवा चेहरों के बीच सीधी टक्कर है। इस सुरक्षित सीट से लोजपा रामविलास के टिकट पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के बेटी और आचार्य किशोर कुणाल की बहू सांभवी चौधरी चुनाव मैदान में हैं। शाम्भवी का मुकाबला बिहार सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी से है। दोनों मंत्रियों के बेटा और बेटी में से समस्तीपुर की जनता किसे अपना सांसद चुनती है, यह 4 जून को मतगणना के बाद स्पष्ट हो जाएगा।

### देश भर में 96 लोस सीटो पर डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 96 संसदीय सीटों पर सुचारु रूप से मतदान कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधान सभा के चुनावों के लिए भी मतदान कराए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में मतदान सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है। मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधान सभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया है। आयोग की रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17.7 करोड़ मतदाता 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 1717 उम्मीदवारों के के भाग्य का निर्णय कर सकेंगे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष तथा 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधान सभा सीटों और ओडिशा की 28 विधान सभा सीटों पर भी मतदान कराया जा रहा है। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सोमवार को मतदान के दिन लू चलने का कोई पूवानुर्मान नहीं है और दिन का तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे या ऊपर रहने का अनुमान है। फिर भी गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतादन केंद्रों पर शामियाने की छांव, पीने के पानी और पंखों आदि के प्रबंध किए गए हैं। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी।

# नौकरी के एजेंडे ने पीएम को सड़क पर ला दिया : तेजस्वी

**कहा- पीएम बताएं कि उनका बिहार के लिए पांच साल का क्या विजन है**



प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पटना में रोड शो करेंगे। पीएम के रोड शो को लेकर विपक्ष हमलावर बना हुआ है। विपक्षी दलों का कहना है कि बीजेपी के लिए सबसे सेफ पटना साहिब और पाटलिपुत्र सीट भी इस बार खीसक रही है इसी डर से प्रधानमंत्री को रोड शो करना पड़ रहा है। पीएम मोदी के पटना पहुंचने से पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी रोड शो करें या एयर शो करें। अबतक 8-9 बार बिहार आ चुके हैं, एक बार भी बिहार के बारे में कुछ बताएं कि पांच साल का क्या विजन है उनका बिहार को लेकर? बिहार को अगले पांच साल में कैसे आगे बढ़ाएंगे? 40 में से 39 सांसद दिए, 10 साल क्या किए? बिहार के लिए तो कुछ नहीं किया। नौकरी के एजेंडे ने प्रधानमंत्री को रोड पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि एक 34 साल का नौजवान बिहार में अकेले घूम रहा है। 140 से अधिक सभाएं कर लीं। बीजेपी के बड़े-बड़े नेता और खुद प्रधानमंत्री एक दिन में तीन तीन सभाएं कर रहे हैं, फिर भी नौकरी के एजेंडे ने उन सबको रोड पर लाया है। 34 साल के नौजवान के सवाल का प्रधानमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि पिछले 10 साल में एक भी चीनी मिल बिहार में चालू नहीं हुआ। बिहार में कितना नया कारखाना लगा या निवेश आया। महंगाई क्यों नहीं खत्म हुई। बिहार में पलायन क्यों नहीं रूका। गरीबी खत्म करने के लिए आखिर उनका मास्टर प्लान क्या है? वह आएंगे और हिंदू-मुस्लिम करेंगे। आरजेडी नेता ने कहा कि पीएम मोदी आएंगे और लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को गाली देंगे और फिर चले जाएंगे। सम्राट चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जैसे बिहार के दरभंगा में एम्स बन गया वैसे ही 14 चीनी मिल चालू हो गए हैं। ओडिशा में पीएम बोल रहे हैं कि जिला का कैपिटल होता है, अद्भूत प्रधानमंत्री हैं।

### पीएम के नुक्कड़ नाटक से बिहार को क्या होगा लाभ : लालू

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को बिहार की राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो से पहले एक बयान जारी कर उन पर तंज कसा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नुक्कड़ नाटक से बिहार को क्या लाभ होगा। राजद प्रमुख ने कहा, यह बिहार है। तीन चरणों में बिहार ने प्रधानमंत्री को सड़क पर ला ही दिया, बाकी बचे चार चरणों में गली-गली में चक्कर लगवा देगा। लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री मोदी को राज्य की बंद पड़ी चीनी मिल को खुलवाने के लिए 2014 में किए गए वादे की याद दिलाई और कहा कि नीतीश कुमार के अनुरोध के बावजूद बिहार को विशेष दर्जा तथा पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय दर्जा देने में केंद्र विफल रहा। उन्होंने कहा, बिहार के लोग मूर्ख नहीं हैं।

राज्य के लोग अच्छे से जानते हैं कि भले ही 2019 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को राज्य की 40 लोकसभा सीट में से 39 सीट मिलीं लेकिन राजग के यहां लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद गुजरात को निवेश और अन्य विकास कार्यों के लिए प्राथमिकता दी गई।

**सीएम ने गोपालगंज में चुनावी सभा को किया संबोधित**

# अब कोई गड़बड़ी नहीं होगी, एनडीए में ही रहेंगे : नीतीश

**बोलें- जब से मौका मिला लोगो के उत्थान के लिए काम करते रहें**



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल राजद व लालू प्रसाद परिवार पर जमकर हमला बोला है। रविवार को गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के गोविंद दास उच्च विद्यालय महमदपुर में मुख्यमंत्री ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा और कहा 9 गो बाल-बच्चा पैदा किया, खुद हटा तो बीवी को बनवा दिया। उनके लिए परिवार और हम लोग के लिए पूरा बिहार परिवार है। सीएम नीतीश कुमार का जदयू नेताओ ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने जदयू प्रत्याशी डॉ आलोक कुमार सुमन के समर्थन में लोगो से वोट करने की अपील की। चुनावी सभा में राज्य सभा सांसद संजय झा के अलावा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, कुचायकोट विधायक अमरेन्द्र कुमार पांडेय के अलावा कई नेता मौजूद रहे। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने अपने द्वारा किए गए कई कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा की गोपालगंज का रिश्ता आज का नहीं काफी पुराना है। गोपालगंज का काम सब दिन तो करते ही रहते है। जिले के कुचायकोट में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गई। अभी अनुमंडल में आईटीआई की स्थापना की गई। थावे में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा कई काम किया गया। साथ ही उन्होंने कहा की बीच में हमसे दो बार गलती हुई है। दो बार भाजपा को छोड़ कर गए ई दू गो के पास गए। ये इधर उधर कर रहा था, दोनो बार हरवाए। एक बार हरवाये और दुबारा भी गड़बड़ी किया तो दुबारा भी हरवाएं। हम लोग नौकरी देने की बात कही थी। लेकिन ये कहते रहता है की की हमने किया है। उन्होंने लालू यादव पर तंज कसते हुई कहा की ऊ कोई परिवार है, जी कौन हिसाब से बताइए न.. सात साल में उसको हटना पड़ा है, तो बीबी को बनवाया बताइए तो..और उसके बाद नौ गो बाल बच्चा पैदा किया। बेटी को आगे बढाया, बेटा को आगे बढ़ाया। हम लोग परिवार को देखते है, क्या। हम लोग के लिए पूरा बिहार परिवार है। बिहार के लोगो के उत्थान के लिए काम करते। ये लोग परिवार के धंधा में में काम किया है। कभी मौका मिला उसको दे दिया। गड़बड़ किया तो उसको हटाना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप लोगो से अनुरोध करेंगे की ये सब कोई काम नही किया है। पहले कभी शाम को आप घर से नहीं मिलते थे। लेकिन अब आप इतना घूमते है। ये सब काम ऊ सब किया है की हम ही सब करवाए है। हम लोग और भाजपा एक साथ अब हम बाए दाए नही करेंगे। हम लोग जो 1995 से साथ थे। आगे भी एक साथ रहेंगे।

## मोदी को तीसरा कार्यकाल मिला तो दलित, आदिवासी फिर से बन जाएंगे गुलाम : खरगे

धुले/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को लोगों से पार्टी के लिए वोट करने की अपील करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तीसरे कार्यकाल का मतलब होगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों के साथ गुलामों की तरह व्यवहार होगा। खरगे ने महाराष्ट्र के धुले निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनने की अपील की। कांग्रेस ने धुले लोकसभा सीट से पूर्व विधायक शोभा बच्चव को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा, आजादी से पहले गरीबों, दलितों और आदिवासियों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जाता था। यदि आप मोदी और शाह को तीसरा कार्यकाल देंगे तो वही स्थिति दोहराई जाएगी। हम फिर से गुलाम बन जायेंगे। उत्तर महाराष्ट्र के धुले में आम चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। यहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष भामरे को उम्मीदवार बनाया है। खरगे ने कहा, आपको अपने लिए और अपने लोगों के लिए वोट देना होगा। हमें संविधान बचाना है। यह चुनाव देश के भविष्य को आकार देगा, इसलिए यह एक महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि यदि कोई संविधान नहीं होगा, तो आपको बचाने वाला कोई नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 2015 में कहा था कि संविधान को बदला जाना चाहिए।

**चुनाव** | **पीएम मोदी ने कोलकाता में चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना**

# विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के चरित्र में है भ्रष्टाचार : मोदी

प्रात : किरण



हावड़ा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के चरित्र में है और तृणमूल कांग्रेस ने इसे पूर्णकालिक कारोबार बना लिया है। हावड़ा के संकराइल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं का काम राज्य में अशांति का माहौल बनाना है।

मोदी ने आरोप लगाया, चाहे कांग्रेस हो, वामपंथी दल हों या इंडिया गठबंधन की कोई अन्य पार्टी, इन सभी ने भ्रष्टाचार को अपना चरित्र बना लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने अपनी कमाई लॉटरी टिकट खरीदने में खर्च कर दी और उसे लॉटरी घोटाले में गंवा दिया। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस का एजेंडा अवैध अप्रवासियों का कल्याण है न कि पश्चिम बंगाल के लोगों का। उन्होंने कहा, वे भारत के लोगों को बोहिरागोतो (बाहरी) कहते हैं, लेकिन दूसरे देशों से अवैध अप्रवासियों को बंगाल में प्रवेश दिया जाता है। उन्होंने दावा किया, कई इलाकों में मूल निवासी अल्पसंख्यक बन गए हैं। रविवार को हावड़ा में चुनावी जनसभा में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तृणमूल घोटालों की ओपन इंडस्ट्री चलाती है। बंगाल का लॉटरी स्कैम इसका बड़ा उदाहरण है। इस लॉटरी घोटाले के पीछे तृणमूल के करप्ट नेता हैं। ये दूर-दूर तक फैले हुए हैं, लेकिन तृणमूल सरकार उन्हें भी बचा रही है। मोदी ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार में हमारी बहनें सुरक्षित नहीं हैं। यहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरे देश ने देखा। बेटियों के गुनहगारों को बचाने में तृणमूल की पूरी सरकार लग गई। आज आरोपित सीबीआई की गिरफ्त में है लेकिन तृणमूल अभी भी उसके लिए बैटिंग कर रही है। मोदी ने कहा कि तृणमूल सरकार केंद्र की योजनाओं में भी लूट-खसोट की पूरी कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देती है, लेकिन बंगाल में तृणमूल सरकार केवल उन्हीं लोगों को पैसा देती है, जो या तो तृणमूल से जुड़े हैं या तृणमूल वालों को कट देते हैं। हमने हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन शुरू किया, लेकिन बंगाल सरकार उसमें भी भ्रष्टाचार कर रही है। ये लोग राजनीतिक फायदे के लिए बंगाल की जनता को पानी के लिए तड़पा रहे हैं। गरीबों का हक मारने वाली तृणमूल को आप 20 मई को जबरदस्त सजा दीजिए और उखाड़ कर फेंक दीजिए।

## यह चुनाव पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए मुंहतोड़ जवाब देने का है : शाह

गोंडा/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि यह चुनाव पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए मुंहतोड़ जवाब देने का चुनाव है। गोंडा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा में शाह ने कहा, यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का है। यह चुनाव देश को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, यह चुनाव पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए मुंहतोड़ जवाब देने का चुनाव है। यह चुनाव आतंकवादी की गोली का जवाब गोले से देने का है। उन्होंने कहा, यह चुनाव तीन लाख लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण के बावजूद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के न जाने पर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए शाह ने आरोप लगाया कि वे अपने वोट बैंक से डरकर समारोह में नहीं गये लेकिन भाजपा वोट बैंक से नहीं डरती है। शाह ने विपक्षी नेताओं पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। शाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा, योगी जी ने माफिया को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 40 लीटर देशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना पुलिस ने रविवार की सुबह कृपाल टोला मोड़ के पास 40 लीटर देशी शराब के साथ दो भाई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों भाई गढोचक के कमलेश राय व राजेश राय हैं। दोनों भाई एक साथ मिलकर शराब बेचने का धंधा करते हैं। रविवार को भी दोनों भाई देशी शराब को बेचने के लिए अपने घर की ओर ले जा रहे थे तभी पुलिस को सूचना मिल गयी। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि दोनों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पीएम मोदी के रोड शो में सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

फतुहा। लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी रोड शो कर रहे हैं। जिसमें भाजपा नेता केशर प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पटना के लिए रवाना हुए। इस संबंध में केशर प्रसाद ने बताया कि पीएम मोदी देश के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। देश में फिर से भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ आ रही है। पीएम मोदी के रोड शो में शामिल होने के लिए मुनेश्वर साव, संजय जी, राजा सगर, बब्लू शाह, युगेन्द्र शाह, प्रदीप जी, मनीष कुमार, विश्वजीत कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, अरविन्द कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पटना रवाना हुए।

### 40 दिवसीय थियेटर प्रशिक्षण वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

दानापुर खगौल, नगर के अंतर्गत सांस्कृतिक संस्था सूत्रधार की ओर से 40 दिवसीय थियेटर प्रशिक्षण वर्कशॉप का विधिवत शुभारंभ वायरस डांस एकेडमी, महादेव स्थान में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था के महासचिव नवाब आलम ने कहा कि यह वर्कशॉप 30 युवाओं को लेकर किया जा रहा है जिन्हें रंगकर्म की प्रमुख विषयों एवं तकनीक पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्कशॉप निदेशक उदय कुमार ने बताया कि कला संस्कृति से पूर्व मानवीय चेतना विकसित करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में अभिनय ,संवाद, निर्देशन, स्क्रिप्ट राइटिंग,मंच सज्जा, रूप सज्जा आदि की जानकारी दी जाएगी। मुख्य अतिथि पटना रंगमंच के वरिष्ठ रंगकर्मी सुरेश कुमार हज्जू ने कहा कि रंगकर्म में प्रशिक्षण का बहुत महत्व होता है।कलाकार हर कोई है लेकिन उसके लिए सही दिशा निर्देश की जरूरत होती है। उन्होंने अपने रंगमंचीय अनुभव को साझा किया। लेखिका सागरिका राय ने कहा कि खगौल रंगमंच बहुत ही सक्रिय है मौके प्रशिक्षक रूबी।

### बकाया रूपए मांगने पर किराना दुकानदार के साथ मारपीट

दानापुर। नगर के थाना क्षेत्र के बीबीगंज में बकाया रूपए मांगने पर रविवार को किराना दुकानदार के साथ मारपीट करने और सत्तर हजार रुपए छिनने की बात सामने आती आई है।जख्मी दुकानदार संतोष कुमार ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत करते हुए पांचुचक और आसपास के रहने वाले बिहारी राय, कृष्णा राय,रामजी राय,हन्नी राय समेत आठ दस अज्ञात लोगों को आरोपित किया है।जख्मी ने बताया कि दोपहर में दुकान पर बैठे थे। तभी पांचुचक निवासी बिहारी राय,कृष्णा राय,रामजी राय समेत अन्य लोगों के साथ आया और अचानक मेरे दुकान में घुस गए। उसके बाद मारपीट करते हुए जबरन काउंटर से 70 हजार नगद निकाल लिया। विरोध करने पर भतीजा सोनू कुमार और उसके दोस्त आयुष को पिस्टल के बट से सिर पर मारकर लहूलुहान कर दिया। बताया कि दिनेश राय मेरे चाचा के साथ मिलकर पहले काम करता था।उसके पास करीब तीस लाख रुपए बकाया है। रुपए मांगने पर ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट करने की बात सामने आई है। छानबीन की जा रही है।

### राम सेवक सिंह का 54 वां पूण्यतिथि मनाई गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत विधानसभा में विरोधी दल के पूर्व उपनेता राम सेवक सिंह का 54 वां पूण्यतिथि गोरा बाजार में मनाई गई।समारोह राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा कि रामसेवक जी सच्चे समाजवादी नेता थे। उनके द्वारा किए गए कार्यों को आज भी दानापुर की जनता याद करती हैं। उन्होंने साईकिल से अपने क्षेत्र का भ्रमण कर जनता का ख्याल रखते थे।अध्यक्षता उनके पौत्र सह जदयू के पूर्व महासचिव वेद प्रकाश और संचालन रामाकांत झा ने किया। मौके पर पूर्व न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद, अति पिछड़ा आयोग के सदस्य तारकेश्वर ठाकुर, सुदेश यादव,बिष्णु यादव,राज नारायण अकेला समेत अन्य गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने रखवाया है अखंड पाठ, कड़ाह प्रसाद का लगवाएंगे भोग

- सिख गुरुओं के प्रति प्रधानमंत्री की रही है अगाध श्रद्धा
- पहली बार देश के प्रधानमंत्री आएंगे दशमेश पिता की जन्मस्थली

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता, आनन्द केसरी





देश के आजाद होने के बाद अब तक जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें श्री नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री होंगे, जो तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आ रहे हैं। दरअसल अब तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, वह उस पद पर रहते हुए यहां दर्शन-दीदार को नहीं आ पाए हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब रखवाया गया है। इसकी समाप्ति मंगलवार की सुबह होगी। इसके बाद उनके, उनके परिवार, देश के विकास और जनता की सुख व समृद्धि के लिए अरदास किया जाएगा। प्रधानमंत्री जब तख्तश्री पटना साहिब पहुंचेंगे, तब वे वीआईपी लाउंज से दरबार साहिब जाने के दौरान प्रसाद काउंटर से कड़ाह प्रसाद, रुमाला और माला लेकर दरबार साहिब की ओर अपने कदम बढ़ाएंगे। वह निशान साहिब को भी मत्था टेकते दरबार साहिब में दशमेश पिता साहिबे कमाल श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के समक्ष नतमस्तक होंगे। कड़ाह प्रसाद का भोग लगवाने के साथ ही अरदास किया जाएगा। इसके बाद में दरबार साहिब की परिक्रमा करेंगे और इस दौरान पवित्र कुएं का जल भी ग्रहण करेंगे। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह एवं अन्य पंज प्यारों के द्वारा उन्हें गुरु घर के आशीष के रूप में सरोपा, श्री साहिब और प्रसाद भेंट किया जाएगा। इस दौरान उन्हें गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुड़े विभिन्न धरोहरों का दर्शन भी कराया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी का सिख गुरुओं का के प्रति अकाट्य श्रद्धा रही है। यही कारण है कि वह श्री अमृतसर साहिब से लेकर दिल्ली के श्री बंगला साहिब, गुरुद्वारा शीशगंज एवं अन्य गुरुद्वारों में जाकर भी मत्था टेक दर्शन दीदार करते रहे हैं। उनका पहली बार खालसा पंथ के संस्थापक और पटना साहिब की धरती पर अवतार लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मस्थली पहुंच कर मत्था टेकने का मौका मिलेगा। यही कारण रहा है कि उन्होंने सिख गुरुओं के देश और सनातन धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान को हमेशा नमन करते रहे हैं और दशमेश पिता के साहिबजादों के बलिदान के अवसर पर दिसंबर माह में वीर बाल दिवस हर साल मनाए जाने की घोषणा भी की है।

पीएंगे अपनी पसंद की चाय

पीएम नरेंद्र मोदी कहीं भी जाते हैं, तो कुछ खाने के बजाए चाय पीना जरूर पसंद करते हैं। उन्हें बाघ बकरी चाय आदी मिला हुआ चाय खास पसंद है। यही कारण है कि तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने इसकी विशेष रूप से व्यवस्था कराई है। स्थिति यह है कि दरबार साहिब से सटे दक्षिण की ओर विशेष दीवान हॉल, जो बाबा महेंद्र सिंह बर्मिंघमवाले के द्वारा निर्माण कराया गया है, इसकी कलाकृति अद्भुत है। शायद प्रधानमंत्री भी इसे देखना पसंद करें। इसलिए इसकी भी साफ-सफाई कराई गई है। यदि उनकी इच्छा हुई, तो लंगर का प्रबंध भी किया गया है, जहां वे लंगर छका सकेंगे। कमेटी अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है, ताकि पीएम नरेंद्र मोदी का यहां आना यादगार बना रहे।

## रविवार का व्रत रख व्रतियों ने किया उद्यापन

**गंगा स्नान कर फलों से सूरज को दिया अर्घ्य, घर में भी पूजा-अर्चना**



पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

वैशाख शुक्ल पंचमी को छठ व्रत करने वाली अधिकांश महिलाओं ने व्रत रखा। इसके एक दिन पूर्व शनिवार को नियमपूर्वक स्नान-ध्यान कर कच्चा पकवान बना कर भगवान सूर्य को भोग अर्पित करते हुए आराधना किया एवं व्रत का संकल्प लिया रविवार को व्रतियों ने व्रत रखने के साथ ही शरीर की शुद्धि की। दोपहर बाद गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर व्रतियों के द्वारा गंगा स्नान कर भगवान सूर्य को जलार्पण किया गया। उनकी आराधना की गई। अनेक लोगों ने हाथों में फल लेकर अर्घ्य देने का काम किया। वहीं अनेक व्रतियों ने घर जाकर विधिपूर्वक फलों का भोग अर्पित कर, दीप जला एवं फूल पान अर्पित कर भगवान भास्कर की पूजा-आराधना की। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस संबंध में आचार्य संतोष पांडेय शास्त्री ने बताया कि वृश्चिक राशि में सूर्य के प्रवेश के बाद शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार को प्रारंभ कर मेष राशि में सूर्य के संक्रमण के बाद शुक्ल पक्ष के अंतिम रविवार को पूर्ण होता है। इस व्रत में प्रधानता वृश्चिक संक्रांति एवं मेष संक्रांति की शुक्ल पक्ष की है। मार्गशीर्ष अगहन मास में एवं मेष संक्रांति चैत्र मास में होती है। इस वर्ष यह मेष संक्रांति चैत्र शुक्ल पक्ष के षष्ठी तिथि को रात 11.26 में हो चुका है, इसलिए आदौ वृश्चिक मेषान्ते सिद्धांत के अनुसार उद्यापन एवं व्रत उपवास वैशाख शुक्ल पंचमी रविवार को किया गया।

# पटना के आयुषी तो भोजपुर के नीतीश कुमार ने बिहार कप सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता पर जमाया कब्जा




प्रात:किरण संवाददाता

पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पाटलिपुत्र ट्रेनिंग सेंटर पर चल रहे तीन दिवसीय बिहार कप सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता 2024 का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हुए फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में भोजपुर के नीतीश कुमार ने भोजपुर के ही होशियार सिंह सागर से हराकर विजेता का खिताब जीता जबकि भोजपुर के तनिष्क कुमार एवं जहानाबाद के राज मल्होत्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में पटना की आयुषी ने पटना के ही मेधावी को हराकर बिहार कप और कब्जा जमाया। वही पटना की योगिता एवं भोजपुर की दिव्या को तीसरा स्थान हासिल हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पटना जिला के खेल पदाधिकार ओम प्रकाश ने सभी विजेता को बिहार कप देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल को भी हमे जिंदगी का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। क्यों की खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। डीएसओ ने कहा कि सॉफ्ट टेनिस भी बिहार का उभरता खेल है और इस खेल में भी बेहरत भविष्य है। इसके पूर्व सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। धर्मवीर कुमार ने कहा कि बिहार में सॉफ्ट टेनिस का कई प्रतिस्पर्धा कराया जाता है। उन्होंने बताया की बिहार में पहली बार सॉफ्ट टेनिस का बिहार कप का आयोजन किया गया है जिसमे एक दर्जन से अधिक जिलों के 60 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया की इस गेम के बाद मोहाली में आयोजित नेशनल गेम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अतिथि के रूप में पहुंचे अखौरी विश्वप्रिय ने कहा की सॉफ्ट टेनिस खेल देखकर और उसका इतिहास जानकार काफी अच्छा लगा। उन्होंने कहा की इस खेल में भी उज्वल भविष्य है। वही सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन आफ बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक आजाद ने कहा की सॉफ्ट टेनिस खेल को बिहार में बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बेहतर खेल की बदौलत बिहार के खिलाड़ी पूरे देश के अपने राज्य का परचम लहरा रहे है और बिहार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत रहें हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अविषेक ब्राइडल के प्रोपराइटर नीलेश कुमार, मुकेश कुमार चंदेल, एबॉट लिमिटेड के एरिया मैनेजर मुकेश कुमार , पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे। वही प्रतियोगिता डायरेक्टर के रूप में रमेश कुमार सिंह, तथा मुख्य रेफरी के रूप में रूपा कुमारी तथा रेफरी के रूप में अरविंद किशोर, अभय कुमार, सूरज कुमार, रोहन कुमार मौजूद थे जबकि मंच का संचालन अजय एंबेस्था. ने किया। इस अवसर पार सॉफ्ट टेनिस बक्सर के सचिव नमो नारायण मिश्रा भागलपुर के . जयंत कुमार मोतिहारी के सोनू सिंह , भोजपुर रंजीत भूषण जहानाबाद के रोहन कुमार आदि कई घंटे मां खेल प्रेमी मौजूद थे।

### शतचंडी महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू

पटना सिटी (प्राकि)। श्री भगवती सीता स्थान प्रबंधक समिति, बख्शी मुहल्ला, मित्र घाट की ओर से जानकी नवमी पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन सीता स्थान पर किया गया। काशी से आए पंडित नित्यानंद त्रिपाठी के आचार्यत्व में शतचंडी यज्ञ में पंचाग पूजन और वेदी पूजन का अनुष्ठान हुआ। मंदिर प्रबंधक कमेटी के सचिव प्रभात बहादुर माथुर, प्रो विनय कृष्ण प्रसाद, नितेश कुमार सिन्हा, शत्रुघ्न यादव, नितेश तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी रंजीत वर्मा आदि सक्रिय थे। यह अनुष्ठान 16 मई तक चलेगा। 17 मई को विसर्जन शोभायात्रा निकाला जाएगा। प्रतिदिन शाम को भजन कीर्तन का अनुष्ठान होगा।

### गुरुद्वारा गुरु का बाग में रखा गया अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। गुरु का बाग स्थित गुरुद्वारा में वार्षिक स्नान मेला 14 मई को होगा। इसे लेकर रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ ग्रंथी भाई मनोहर सिंह व संतोख सिंह की देखरेख में रखा गया। इसका समापन मंगलवार को वार्षिक स्नान मेला के दिन होगा और उसी दिन विशेष दीवान सजेगा। इस दौरान शबद कीर्तन व कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। स्नान मेला में शामिल होने के लिए पंजाब व दूसरे राज्यों से सिख संगतों का जत्था तख्त साहिब पहुंच रहा है। प्रबंधक कमेटी के पदधारकों ने बताया कि स्नान मेला को लेकर तैयारी की गयी है।

# भाजपा व मोदी लोगों को बरगला कर सत्ता में वापसी चाहती

**कांग्रेसी नेता प्रवीण कुशवाहा ने पीएम से पांच सवाल के जवाब मांगा**

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रहे प्रवीण कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के नौजवानों छात्रों किसने दलितों पिछड़ों और अन्य जाति के लोगों को भी विभिन्न माध्यमों से ददिग्भ्रमित करने का प्रयास कर उनका वोट ले फिर सत्ता में आना चाहते हैं। भाजपा केवल मुसलमानों को डरा कर, मंदिर बनवा कर, छात्र, नौजवान और किसानों को बरगलाने का काम कर रही है। स्थिति यह है कि बार-बार पाकिस्तान के मामले में बयानबाजी की जाती है। पाकिस्तान को छोड़ अन्य पड़ोसी देशों से भी भारत के संबंध बेहतर नहीं हैं। यहां तक कि जिस पाकिस्तान से अलग देश बांग्लादेश को हमने एक नया देश बनाया, वह भी आज भारत को आंख दिखाता है। यह बात उन्होंने जोर देकर कहते हुए पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवालों का जवाब देने को कहा है। इसमें पहला सवाल कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी तो अतिरिक्त आपूर्ति का बहाना बनाकर अपनी जानलेवा वैक्सीन बाजार से वापस ले रही है। नाराज जनता भाजपा सरकार से पूछ रही है कि जिनके शरीर में यह खतरनाक वैक्सीन पहुंच चुकी है, उनके अंदर से वापस कैसे आएगी? दवा कंपनी से करोड़ों के चंदे के लालच में भाजपा ने करोड़ों भारतीय की जान खतरे में क्यों डाली? दूसरा कि जब बीजेपी सरकार ने बीफ कंपनियों से इलेक्ट्रॉल बांड के द्वारा 250 करोड़ का चंदा लिया, तो गाय को राष्ट्र माता कैसे घोषित करेगी? क्या इससे सनातन की आस्था को चोट नही पहुंची? तीसरा कि प्रधानमंत्री जी बिहार आए हैं, तो यहां के युवाओं के लिए कोई बड़ी सौगात लेकर आए होंगे, लेकिन युवाओं के शिक्षा के लिए एक बहुप्रतीक्षित सेंट्रल यूनिवर्सिटी भी नही दे सके। कहीं वह भी जुमला तो नहीं था? श्री कुशवाहा ने पीएम मोदी से पूछा कि मुद्रा योजना लोन कहां गया, जबकि पीएम मोदी ने पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बिना गारंटी का लोन देने की बात कही थी? बिहार के एक प्रतिशत युवाओं को भी मुद्रा योजना लोन नहीं मिल पाया। यह लोन सिर्फ पूंजीपतियों को मिला। आखिर क्यों? आखिर बिहार का पढ़ा-लिखा गरीब व युवा कहां जाए? बीजेपी महंगाई और बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं कर रही है? बिहार के युवाओं को रोजगार कब देंगे? किसान की आय कब डबल होगी? प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी, एआईसीसी के सदस्य व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा, राजद के पूर्व एमएलसी आजाद गांधी, कम्युनिस्ट पार्टी के नेता देवरत्न प्रसाद, राजद नेता अजीत कुशवाहा, कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ विनोद कुमार अवस्थी, सुजीत कसेरा, प्रखंड अध्यक्ष अभय जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर, शैलेंद्र यादव, प्रदेश राजद के महासचिव विनोद यादव, डॉ एकबाल अहमद, भाकपा वाले नेता शंभू सिंह, कांग्रेसी नेता सरदार जगजीत सिंह आदि उपस्थित थे। डॉ तुषार आर्य, सरदार गुरुचरण सिंह आशिक, नीतू सिंह, पंकज रजक, सैयद फिरोज हसन, कांग्रेसी नेता फकीरा यादव, सुशील गुप्ता, पप्पू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# 16 मई को मनाया जायेगा राष्ट्रीय डेंगू दिवस

प्रात:किरण संवाददाता



पटना- प्रत्येक वर्ष 16 मई को डेंगू की रोकथाम के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है. इस बाबत अपर निदेशक-सह-राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. अशोक कुमार ने राज्य के सभी सिविल सर्जन, सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं सभी वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिया है. मानसून में बढ़ जाती है डेंगू के प्रसार की संभावनाः जारी पत्र में बताया गया है कि इस अवसर पर विभिन्न स्थानीय अधिकारीयों, विभागों तथा गैर सरकारी संगठनों एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ समंवय स्थापित कर डेंगू की रोकथाम के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए विभिन्न आईईसी/बीसीसी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है. जारी पत्र में बताया गया है कि पिछले कुछ वर्षों से राज्य में डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ा है. मानसून के आरंभ होते ही डेंगू का प्रसार बढ़ जाता है. डेंगू दिवस से ही इसके रोकथाम की गतिविधियों को तेज कर दिया जाता है जो प्रसार सीजन के खत्म होने तक जारी रहता है. जिला स्तर पर कैंपेन मोड में आयोजित की जायेंगी गतिविधियाँः पत्र में बताया गया है कि जिला स्तर पर डेंगू के रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों की योजना बनाकर कैंपेन मोड में संचालित करना सुनिश्चित करेंगे. इसमें स्थानीय निकाय के अधिकारीयों यथा पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम को भी सम्मिलित किया जाए. जारी पत्र में निर्देशित है कि डेंगू के मच्छर एवं लार्वा के नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर डेंगू के प्रसार को प्रभावी तरह से नियंत्रित किया जाए. जारी पत्र में बताया गया है कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के सफल आयोजन से संबंधित प्रतिवेदन को तीन दिन के अंडरसाइंड को ई-मेल एवं व्हाट्सएप पर कार्यक्रम समापन के तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जाये ताकि एनसीवीबीडीसी, भारत सरकार, नयी दिल्ली को राज्य स्तरीय प्रतिवेदन ससमय भेजा जा सके।

## तख्तश्री पटना साहिब में बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह निवास के निर्माण को कारसेवा



पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में कारसेवा पटियालावाले बाबा अमरीक सिंह जी के द्वारा बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह यात्री निवास बनाया जा रहा है। इसके पहली मंजिल के लिंटर की कारसेवा रविवार को पूरी हुई। इसमें सौ कमरे बनकर तैयार होंगे। तख्तश्री पटना साहिब कमेटी द्वारा आने वाले दशमेश पिता के प्रकाश पर्व से पहले इस इमारत को पूरा करने की अपील की गई है। श्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य ग्रंथि ज्ञानी दिलीप सिंह के द्वारा अरदास करने के बाद लिंटर डालने का कार्य शुरू किया गया, जो देर शाम पूरा कर लिया गया। मौके पर ज्ञानी दिलीप सिंह, गुरदयाल सिंह, परशुराम सिंह सहित अन्य पांच प्यारे मौजूद रहे। तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, प्रवक्ता सुदीप सिंह एवं मैनेजर हरजीत सिंह, कारसेवा दिल्लीवाले, कारसेवा भूरीवाले, संतोख सिंह आगरावाले के द्वारा भी कारसेवा में भाग लिया गया।

# मरीन ड्राइव पर कंगन घाट फ्लैंक पर लोगों को जाने पर रोक




पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की सुबह नौ बजे दशमेश पिता की जन्मस्थली पहुंचेंगे। हालांकि उनके आने का रूट मरीन ड्राइव का रास्ता है। वह जहां एक तरफ गंगा नदी का नैनाभिराम करेंगे, तो रास्ते में गंगा और गंडक के मिलन स्थल को भी देख सकेंगे। दरअसल लॉ कॉलेज घाट से लेकर बालू घाट के बीच गंडक नदी गंगा नदी में आकर मिलती है। इस दौरान वह उसी रास्ते को पार करते हुए गायघाट से कंगन घाट के फ्लैंक से उतर कर चौक थाना रोड से होते हुए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब परिसर में प्रवेश करेंगे। इसे लेकर कंगन घाट एप्रोच के फ्लैंक तक लोग मोटरसाइकिल, ऑटो, साइकिल आदि से जा तो रहे थे, मगर पुल के ऊपर चढ़ने की सख्त मनाही थी। वहां पर बेरियर लगा कर पुलिस की तैनाती की गई थी। इस दौरान लगातार पुलिस प्रशासन के अधिकारी से लेकर पदाधिकारी का आना-जाना और पुल निर्माण में लगे कंपनी के इंजीनियरों के साथ बातचीत का दौर जारी था। दरअसल गायघाट से लेकर कंगन घाट के बीच आम वाहनों का परिचालन अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। यह पहला मौका होगा, जब प्रधानमंत्री का कारकेड इस रास्ते से गुजरेगा। यह भी एक ऐतिहासिक क्षण और यादगार लम्हा होगा। हालांकि अनेक उत्साही युवा, बच्चे और महिलाएं मरीन ड्राइव से कंगन घाट में गिरने वाले फ्लैंक से ऊपर की ओर जाते हैं, ताकि ऊपर की गतिविधियों को देख सकें, मगर उन्हें बहुत आगे जाने की आजादी नहीं दी जाती है और उन्हें वापस लौटने को कहा जाता है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी परिसर के विभिन्न हिस्सों में इंटेलिजेंस ब्यूरो से लेकर स्थानीय खुफिया शाखा के अधिकारी, पदाधिकारी एवं अन्य एजेंसियां खासा सतर्क होकर सिविल में भ्रमण कर जायजा ले रही हैं। साथ ही आसूचना संकलन भी किया जा रहा है। वहीं गुरुद्वारा परिसर के विभिन्न आवासीय छज्जों, बगल में रहे मस्जिद, जैन मंदिर एवं अन्य घरों पर भी पुलिस की विशेष नजर है और उस पर पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी।

पासधारक जाएंगे दरबार साहिब में

पासधारक संगत ही दरबार साहिब में जा सकेगी। हालांकि इसमें सिखों की बहुतायत है, मगर कुछ नन-सिखों को भी अनुमति पत्र प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री जी को बैठने के लिए अलग जगह चिन्हित किया गया है। हालांकि वह संगतों के बीच ही बैठना पसंद किया करते हैं। उनके आने और सारी व्यवस्थाओं को अंजाम देने को लेकर कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, सुमित सिंह कलसी, प्रवक्ता सुदीप सिंह, अमरजीत सिंह लगातार कार्यालय के पदाधिकारी अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, सहायक प्रबंधक पपिंदर सिंह आदि को निर्देश देते रहे हैं। सेवादारों साथ बैठक तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह ने सेवादारों के साथ बैठक की। इस दौरान उन सबों को सौंपी गई जिम्मेवारियों का बखूबी निर्वहन किया जाने का सख्त निर्देश दिया गया कहा गया कि कोई भी अपनी जिम्मेदारी एवं ड्यूटी से थोड़ा सा भी कोताही बरतते हुए पाए गए तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में कमेटी के प्रवक्ता सुदीप सिंह एवं सूरज सिंह नलवा भी सक्रिय रहे।

# मतदाता जागरुकता यात्रा निकाल वोटरों को किया प्रेरित



पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

मतदान करना संविधान द्वारा प्रदत्त सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में हमारा मत का प्रयोग अहम स्थान रखता है। मतदान अवश्य करना चाहिए। उक्त बातें अजेय रामदूत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने चलो चलें मतदान करें कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौक से गायघाट तक आयोजित मतदाता जागरुकता यात्रा की शुरूआत करते हुए रविवार को कही। कार्यक्रम का शुभारंभ एक्युप्रेशर चिकित्सक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, डॉ टीपी गोलवारा साहित अन्य समाजसेवियों ने हरी झंडी दिखा कर की। कार्यक्रम में करीब 35 संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्यगण सहित दो विद्यालय तथा मतदातागण शामिल होकर चलो चलें मतदान करें, के नारा के साथ पदयात्रा किया तथा संकल्प लिया कि स्वयं मतदान करेंगे एवं सगे-संबंधियों, पड़ोसियों, मित्रों को भी मतदान करने को प्रेरित करेंगे।

यात्रा का दर्जनों स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा फूल-माला व अंग वस्त्र से स्वागत किया गया इस दौरान पानी, लस्सी, मट्ठा, शरबत आदि की व्यवस्था की गई। सहयोगी संस्थाओं के लोगों में विजय कुमार गुप्ता, राजीव अरोड़ा, रीना अरोड़ा, अनू कसेरा, पंकज गुप्ता, सत्यनारायण केसरी, संजय मालाकार, अमित कुमार पांडेय, अलंकर होंडा, राहुल चौधरी, ताराचंद अरोड़ा, डॉ राजीव गंगौल आदि थे। माइक संचालन राजेश कुमार पांडेय व विकास मौड़ीवाल ने किया। सहयोगी के रूप में मनोज कुमार गुप्ता, डॉ राजकिरण, मुकेश ठाकुर, मनोज शर्मा, वीणा प्रकाश, ज्योति गुप्ता, उषा, संतोष शर्मा, डॉ अजय प्रकाश ठाकुर, आकाश कुमार, मुन्ना सरकार, विजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, शशि शर्मा, बाबा विवेक द्विवेदी, अनंत अरोड़ा, मनीष कुमार, वार्ड पार्षद किरण मेहता, गोविंद कानोडिया, अमित कुमार, प्रियंका रॉय, सरिता सिंह, ऋषिकेश उर्फ जिमी, डॉ एचपी सिंह, परमानंद, गौरव अग्रवाल, शाहिद अंसारी, रश्मि अरोड़ा, सर्व प्रकाश, अभव्या, मिंटू जायसवाल, शांभवी प्रकाश, अरुण मिश्रा, अनिल जेटली, विकास वैद्य, आदित्य, डॉ राजीव गंगौल, रविन्द्र कुमार, मुकेश ओझा, मीनू जायसवाल, संजय मिश्रा, आफताब गुड्डू, सुजीत गुप्ता, आनंद गुप्ता, मिथुन पासवान, दीपू चौहान रहे। शुरूआत में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का समापन गायघाट में सभी सहभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

## सतवां बिहार नी आर्थोस्कोपी एवं ओस्टियोटोमी कोर्स में जुटे देशभर के हड्डी रोग विशेषज्ञ




प्रात:किरण संवाददाता

पटनाः पारस एमएमआरआई और आर्थोपेडिक रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन (ओआरईएफ) के संयुक्त प्रयास से जोड़ों एवं लिगामेंट के ट्रीटमेंट संबंधित विषय पर पटना के होटल मौर्या में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान पारस एचएमआरआई की ऑर्थो एवं देश के कोने कोने से आये हड्डी रोग विशेषज्ञों ने जोड़ों एवं लिगामेंट से संबंधित विषय पर अपने-अपने व्याख्यान (लेक्चर) प्रस्तुत किए और इस क्षेत्र में हुए नवीनतम तकनीक एक दूसरे से साझा किए। पारस एचएमआरआई के डायरेक्टर (आथोर्पेडिक) एवं औरगेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. जॉन मुखोपाध्याय ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ घुटने में दर्द, सुजन एंव टेढ़ापन का आ जाना आम समस्या बनती जा रही है। कई लोगों में अधिक मोटपा या दूरर्घटना भी ऐसे समस्या को जन्म देती है। ऐसे स्थिति में मरीज रेगुलर पेन कीलर खाते रहते है। और नजरअंदाज करते है। और वही एक भारी समस्या बन जाती है। ऐसे स्थिति में इसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और जितना जल्द हो अच्छे डाक्टर से सलाह लेना चाहिए। ऐसे समस्या का सफल ईलाज ल्र.ळ.ड (हाई टिबियल आस्टीयोटोमी) द्वारा किया जा रहा है। जो 80-90 प्रतिशत सफल है।

# पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पटना की सड़कों पर मेला जैसा नजारा

## हजारों की संख्या में लोग सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर लगाते रहें नारे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रोड शो को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। सड़कों पर हुजूम उतर गया है। सभी लोग मोदी मोदी के नारे लगा रहे हैं। हजारों की संख्या में लोग सड़क के दोनों किनारे लगाए गये बैरिकेटिंग के पीछे खड़े हैं। पटना में मेला जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। पटना के भट्टाचार्य मोड़ से रोड शो पीरमुहानी, उमा सिनेमा, कदमकुआं, ठाकुरबाड़ी, बाकरगंज होते हुए उद्योग भवन जाकर खत्म हुई। बता दें कि पीएम मोदी पहली बार पटना में रोड शो करेंगे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रहें। पीएम मोदी के स्वागत के लिए बीजेपी के कई नेता पटना एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, रविशंकर प्रसाद, नितिन नवीन सहित एनडीए के कई नेता पटना एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। एनडीए के तमाम नेताओं ने पीएम मोदी का स्वागत किया। दो किमी लंबा रोड शो में पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, रविशंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव मौजूद रहेंगे। पुष्प वर्षा भवनों से नहीं सड़क किनारे बैरिकेडिंग के अंदर में खड़े लोग करेंगे। पटना एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता के इंतजाम किए गए हैं। एयरपोर्ट पर 100 अतिरिक्त सीआइएसएफ जवानों को तैनात किया गया है। साथ ही हरेक वाच टावर के बीच में भी जवानों की तैनाती की गई है। पुराने और न्यू टर्मिनल भवन से भी नजर रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार को रिहर्सल भी किया गया। वहीं, पीएम के आगमन को देखते हुए पटना एयरपोर्ट और पटना जंक्शन पर सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए गए हैं। पटना में ढट मोदी के होने वाले रोड शो को लेकर एयरपोर्ट के अंदर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सामानों की भी सघन जांच की जा रही है। एयरपोर्ट पर श्री लेयर सिक्योरिटी ऐरेंजमेंट किया गया है। जिन यात्रियों का विमान शाम 5 से 7 के बीच में है, वह 5:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुँच जाएं। इसके अलावा रविवार को पटना जंक्शन की दोनों पार्किंग सुविधा यानी उत्तर एवं दक्षिण छोर अर्थात महावीर मंदिर एवं करबिगहिया शनिवार की रात 10:00 बजे से रविवार की रात 10:00 बजे तक उपलब्ध नहीं रहेगी। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए केवल दक्षिण छोर (करबिगहिया छोर) पर पिक और ड्रॉप की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पटना जंक्शन स्टेशन से बाहर निकलने के लिए यात्री करबिगहिया की तरफ से निकलेंगे। आपको बताते चलें कि, पीएम आज पहली बार बिहार में रोड शो करने वाले हैं। वहीं पीएम रोड शो के बाद राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। राजभवन में ही उनके खाने पीने की व्यवस्था की गई है। सीएम नीतीश भी पीएम की रोड शो में शामिल होंगे। बिहार की राजधानी पटना आज भगवामय हो गई है। पीएम के आगमन को लेकर पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद है।

# पटना रोड शो ने विपक्ष के पतन की पटकथा लिख दी : विजय

- बोलें- मोदी की सुरक्षा और सुशासन की नीतियों का प्रभाव पटना में दिखा




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पटना में प्रधानमंत्री के रोड शो में जनता ने जो उमंग और उत्साह दिखाया उससे यह स्पष्ट है कि बिहार में मोदी जी की गारंटी के पक्ष में जनसमर्थन की लहर चल रही है। देश के अन्य राज्यों की तरह यहाँ भी भय, भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की सुरक्षा और सुशासन को सुनिश्चित करने वाली नीतियों में जनता का विश्वास बढ़ा है। श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी के प्रति जनता के प्यार और समर्थन ने विपक्ष के पतन की पटकथा लिख दी है। इसे देखकर इंडी गठबंधन और उसके क्षेत्रीय दलों के राष्ट्रीय नेताओं के कलेजे पर सांप लोट रहा है। 2019 में शून्य पर आउट होने वाले दल के तथाकथित किंगमेकर सुप्रीमो और उनके 34 वर्षीय शहजादे प्रधानमंत्री को लगातार गालियां देकर खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की नाकाम कोशिश में जुटे हुए हैं। श्री सिन्हा ने कहा खुद को 34 वर्षीय नौजवान कहने वाले जिस शहजादे ने कभी कॉलेज का मुंह नहीं देखा, वो एक अर्थशास्त्री की तरह बिहार में आय, उद्योग और पलायन पर ह्यस्क्रिप्टेडह्ल बयानबाजी कर लोगों को बरगलाने में लगा है। बिहार की जनता तो उनके पूरे परिवार की मंशा को जानती ही है। लेकिन शहजादे साहब को भी कुछ जानकर बात करनी चाहिए। उनको पता होना चाहिए कि जब उनके माता-पिता के जंगलराज के बाद ठडाउ सत्ता में आई थी तब से आज तक बिहार के प्रतिव्यक्ति आय में 4 गुणा, अर्थव्यवस्था के आकार में 6 गुणा और राज्य बजट में 12 गुणा बढ़ोतरी हुई है। उद्योगों की बात करें तो इनके माता-पिता के दौर में बिहार में उद्योगों पर सिर्फ ताले ही लगते थे, वहीं अब मोदी जी नीतियों के कारण एथेनॉल प्लांट लग रहे हैं, सीमेंट की नई फैक्टरियां लगी हैं, बंद पड़े चीनी मिल चले हैं। जिस बरौनी औद्योगिक क्षेत्र को इनके माता-पिता के शासन में तबाह किया गया था, उसका जीर्णोद्धार मोदी सरकार के प्रयासों से हो रहा है। जिस पलायन की ये बात कर रहे हैं, वह तो इनके परिवार की ही देन है इनके दौर में बिहार से प्रतिभा का एकतरफा पलायन होता था, उसकी जगह आज बिहार की ओर निवेशक आना चाह रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा मोदी जी की गारंटी के पक्ष में लोगों के अपार समर्थन को देखकर किंगमेकर पिता लालू प्रसादऔर उनके शहजादे तेजस्वी को अपने राजनीतिक अस्तित्व पर खतरा नजर आ रहा है।

# खड़गे की हेलिकॉप्टर जांच से चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदेहास्पद : कांग्रेस

- कहा-क्या राजग के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह की जांच की गई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की इजाजत दी जा रही है। खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो संदेश में दावा किया, केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। पार्टी की बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में एक हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं। राठौड़ ने अपने वीडियो संदेश में कहा, निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस नेताओं के हेलीकॉप्टरों की ऐसी जांच नियमित है और अगर नियमित है तो क्या राजग के शीर्ष नेताओं की भी इसी तरह की जांच की गई है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को ऐसी सभी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, अन्यथा यह माना जाएगा कि चुनाव निकाय केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहा है और राजग के नेताओं को खुला घूमने दे रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग को उन सभी नेताओं के वीडियो सामने लाने चाहिए जिनकी जांच की गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष काम करें इसका हम सभी विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल स्वागत करते हैं लेकिन आखिर किसके दबाव में चुनाव आयोग के द्वारा बार बार विपक्ष के ही नेताओं की हेलिकॉप्टर की जांच की जा रही है। इससे पूर्व में भी चुनाव आयोग ने केरल में हमारे नेता राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की जांच की जो पूर्वाग्रह से ग्रस्त प्रतीत हुई थी। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के नेताओं जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हेलिकॉप्टर की कितनी बार जांच हुई इसे स्पष्ट करना चाहिए। चुनाव आयोग की ऐसी एकतरफा कार्रवाई से उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजिमी है और आयोग को सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर इन एकपक्षीय जांच के लिए उसे किसके द्वारा मजबूर किया जा रहा है। आखिर चुनाव आयोग किसके दबाव में ऐसे कृत्य विपक्षी महागठबंधन इंडिया के नेताओं को लक्षित करके ऐसा कर रही है। उन्होंने मांग की है कि चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर किसके सूचना के आधार पर यह जांच हुई और साथ ही उसने किन किन एनडीए नेताओं के हेलिकॉप्टर की नियमित जांच की है और साथ ही अपनी सफाई में जांच के वीडियो को भी जारी करना चाहिए अन्यथा ये मान लिया जाएगा कि उनकी सारी जांच के विपक्ष के नेताओं को पर करने की साजिश है और सभी कार्रवाई एकतरफा हैं?

## जनता हवाई नेता से परेशान, इंडिया गठबंधन की होगी जीत : अंशुल




पटना। पटना साहिब की जनता रविशंकर प्रसाद जैसे हवाई नेताओं से परेशान हो चुकी है, इसीलिए इस बार जनता, नेता नहीं अपना बेटा चुनेगी। मैं पटना साहिब का बेटा हूं और सदैव उनके बीच रहूंगा। यह बात पटना साहिब से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अंशुल अविजित कुशवाहा ने मीडिया से कही। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने वार्ड क्रमांक 44 में इंडिया गठबंधन में साथी दल भाकपा माले के कार्यकताओं के साथ बैठक की और सहयोग के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने बांकीपुर विधानसभा में इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित किया और कार्यकताओं को हर बूथ पर मजबूती से चुनाव लड़ने और जीतने का संकल्प दिलाया। अंशुल अविजित कुशवाहा ने सीपीआई के पटना कार्यालय में भी कार्यकताओं के साथ बैठक कर उन्हे जीत का मंत्र दिया, कार्यकताओं ने एक स्वर में इंडिया गठबंधन को चुनाव जिताने का भरोसा दिलाया। अंशुल अविजित ने पंचमुखी मंदिर, बोरिंग कैनाल रोड से महादेव मंदिर, राजपुर पुल पटना तक पैदल रोड शो किया और जनता का आशीर्वाद मांगा। रविवार सुबह मदर्स डे पर कांग्रेस प्रत्याशी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा स्पीकर अपनी मां मीरा कुमार का आशीर्वाद लिया। अंशुल ने रविवार को दीघा विधानसभा के राजीव नगर, पटना में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं को संबोधित किया और उनसे इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया।

## रोड शो में हजारों की संख्या में शामिल हुए अधिवक्ता

पटना। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के पटना के रोड शो में जुलुस की शक्ल में हजारों की संख्या में पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश कार्यालय से न्यायिक मामले व चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रदेश प्रमुख वरीय अधिवक्ता एस डी संजय तथा उप प्रमुख एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में जुलुस निकाला गया जो कार्यालय से निकल कर रोड शो के मुख्य स्थल भट्टाचार्या रोड मोड़ पर पहुँच कर रोड शो में शामिल हुआ। रोड शो में शामिल कार्यकर्ता अबकी बार चार सौ पार और एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगा रहे थे। रोड शो में भाजपा नेता एस डी संजय, भाजपा नेता संजीव कुमार मिश्र, अधिवक्ता रविंद्र राय, दीपक वर्मा, प्रियंका राज लक्ष्मी, रामानुज तिवारी, सत्येन्द्र कुमार झा, राम अनुराग सिंह, अरविन्द कुमार मंटू, वंदना सिंह, डॉ अंजनी प्रसाद सिंह, संजय कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार, परशुराम शर्मा सहित हजारों अधिवक्ता एवं भाजपा समर्थक शामिल थे।

# नमो-नीतीश की जोड़ी, विपक्ष के हर झूठ पर भारी: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि तीन चरणों के चुनाव के बाद जहां एनडीए की जीत और पक्की हो गयी है वहीं विपक्षी दलों का मनोबल पूरी तरह चकनाचूर हो गया है। राजद के युवराज जहां सहारे पर चलने लगे हैं वहीं कांग्रेस के नेता अपना आप खोकर बे-सिरपैर की बयानबाजी पर उतर आये हैं। लेकिन नमो-नीतीश की जोड़ी अभी भी दुगने जोश से चुनाव प्रचार में लगी हुई है। यह दिखाता है कि नमो-नीतीश अभी भी विपक्ष के हर झूठ पर भारी पड़ रहे हैं। बिहार की सभी सीटों पर जीत की गारंटी देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान बिहार के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण के दौरान एनडीए सरकार के प्रति जनता का जो स्नेह, प्यार व समर्थन देखने को मिला है वह अपने आप में अद्भुत है। बिहार का हर निवासी नमो-नीतीश की जोड़ी का ब्रांड अम्बेसडर बना हुआ है। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के रटे-रटाए झूठ और दुष्प्रचार से लोग अब चिढ़ने लगे हैं। इनके आरक्षण घटाने, विरासत पर टैक्स लगाने और लोगों की चमड़ी का रंग देखने जैसे बयानों ने लोगों की गुस्से की आग में घी डालने का काम किया है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि हकीकत में इतने वर्षों में भी नमो-नीतीश के कामों में कोई खोट न निकाल पाने से राजद-कांग्रेस मानसिक दिवालियेपन का शिकार हो गये हैं। इसी वजह से इन्हें झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने के अलावा कुछ और सूझ ही नहीं रहा। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी इनके आरक्षण और संविधान को खतरे में बताने का तोतारटंत शुरू हो चुका है। दूसरी तरफ जनता जानती है कि संविधान और आरक्षण को सबसे बड़ा खतरा इन्हीं दोनों पार्टियों से है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस यह जान ले कि उनके हर झूठ का जवाब जनता के पास है। नमो-नीतीश की जोड़ी से देश और राज्य में क्या परिवर्तन आया है वह सभी के समक्ष है। विकास कार्यों को नकारने से उन्हें कोई फायदा नहीं मिलने वाला।

# दस वर्षों में भाजपा सरकार ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया : भाकपा



पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव राम नरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में बिहार के लिए कुछ कार्य नहीं किया। बिहार को न विशेष राज्य का दर्जा मिला और न ही विशेष पैकेज। बंद कल कारखाने भी चालू नहीं हो पाया। बंद चीनी मिलें भी चालू नहीं हुआ। बिहार को बाढ़ और सुखाड़ से निजात नहीं मिला। उत्तर बिहार को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए कोशी, कमला और बागमती नदी पर हाई डैम का निर्माण भी नहीं कराया गया। देश की जनता भाजपा सरकार के कुशासन से त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। कितना भी प्रधान मंत्री रोड शो कर ले, भाजपा की सत्ता से विदाई तय है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा अभी तक नहीं मिला है। मोदी ने 2014 में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का ऐलान किया था, अभी तक विशेष राज्य का दर्जा क्या विशेष पैकेज भी नहीं मिला है। प्रत्येक साल दो-दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का ऐलान किया था, उल्टे लाखों युवाओं को नौकरी से निकाल दिया गया। केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में 30 लाख से ज्यादा पद रिक्त है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार के तीन चरणों के चुनाव में भाजपा पूरी तरह हार गई है। चौथे चरण की सभी पांच सीटें भी हार रही है। बिहार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोड पर ला दिया है। कितना भी रोड शो कर ले भाजपा को सत्ता मिलने वाली नहीं है और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी।

# मुसलमानों की जरूरत हैं नीतीश कुमार : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के मीडिया पैनलिस्ट तहसीन नदीम ने चैथे चरण के मतदान से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुसलमानों की जरूरत बताते हुए अपने समुदाय से एनडीए सरकार के विकास कार्यों पर वोट करने की अपील की है। उनका कहना है कि किसी भी समाज के विकास और कौम की खुशहाली के लिए अमन और भाईचारा का होना जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार इसी लिए हमारी मजबूरी हैं। इसलिए जज्बात में आकर नहीं बहुत सोच-समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें. ऐसा न हो कि आपकी एक गलती का खामियाजा पूरे समुदाय को भुगतना पड़े और बाद में पछतावा हो। देश में जैसा भी माहौल रहा बिहार में साम्प्रदायिक सौहार्द को नीतीश जी ने बिगड़ने नहीं दिया। माहौल खराब करने की कोशिश पर बड़े निर्णय लेकर सरपसंदों पर नकेल कसने का काम सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। यहां हिन्दू-मुस्लिम की डोर को मुख्यमंत्री ने अपने विकास कार्यों से इतनी मजबूती से बांध रखा है कि किसी की जुर्रत नहीं कि राज्य के अमन व शांति में खलल डाल सके। नीतीश कुमार सिर्फ कहते नहीं, करके दिखाते हैं। भागलपुर दंगा पिड़ितो को न्याय किसने दिलाया? बिहार में दंगा पर रोक किसने लगाया?तहसीन कहते हैं कि भागलपुर दंगा के सरगना खुलेआम उड़न खटोला पर घूम रहा था। सामाजिक न्याय और सेकुलरिज्म का कथित दावा करने वाली पार्टी के नेता का उक्त सरगना को संरक्षण प्राप्त था.नीतीश कुमार ने उक्त दंगाई को उड़न खटोला से उतार कर सजा दिलाने का काम किया। नीतीश कुमार पर हमें नाज इसी वजह यह है कि वह एक न्यायप्रिय मुख्यमंत्री हैं और हमें गर्व है कि एक शांति वाले राज्य के वासी हैं। यह नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहने तक ही मुमकिन है, नीतीश हमारी जरूरत हैं। इस बात को मुसलमानों को समझना होगा। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनके साथ चलें विकास के साथ चलें। जदयू उम्मीदवार को वोट करें, श्री नीतीश कुमार को मजबूत करें।

## बाहर से भीड़ जुटा कर कृत्रिम उत्साह पैदा करने की कोशिश : दीपंकर



पटना। भाकपा-माले महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि अब तक सम्पन्न हो चुके तीन चरण के चुनाव में हार की हताशा मोदी के चेहरे साफ नजर आ रही है। आज पटना में उनके रोड शो में बाहर से भीड़ जुटाकर एक कृत्रिम उत्साह पैदा करने की कोशिश गई, लेकिन वह कोशिश भी बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। कहीं कोई मोदी फैक्टर अब काम नहीं कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा की रोड शो के नाम पर शहरी गरीबों को पिछले एक हफ्ते से लगातार परेशान किया गया। उनका रोजी-रोजगार इस इवेंट मैनेजमेंट की भेंट चढ़ गया। भाजपा को इसकी तनिक भी परवाह नहीं। आम जनता भी आज काफी परेशान रही। पूरा पटना शहर अस्त व्यस्त रहा।

# प्रधानमंत्री हिन्दी को भारत की राष्ट्र भाषा घोषित करें

## बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने की माँग

पटना। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने (जहाँ प्रधानमंत्री जी के लिए आपातकालीन सुरक्षित क्षेत्र बनाया गया है) प्रधानमंत्री से उनकी इस यात्रा में हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा घोषित करने की माँग की है। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की ओर से इस आशय के बड़े-बड़े प्रचार-पट्ट (होर्डिंग्स) सम्मेलन परिसर और मुख्यद्वार पर लगाए गए हैं। सम्मेलन की कार्य समिति की और से किए गए अपने आग्रह में डा सुलभ ने कहा है कि एक राष्ट्रभाषा ही पूरे देश को एक सूत्र में बाँध सकती है। देश के राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र चिन्ह की भाँति ही प्रत्येक स्वतंत्र देश की एक राष्ट्रभाषा भी होती है, होनी चाहिए। राष्ट्रीय एकता के लिए यह एक अनिवार्य व्यवस्था है। दुर्भाग्य से भारत उन कुछ थोड़े से देशों में है, जिसकी कोई एक राष्ट्रभाषा नहीं है और संसार का एक मात्र देश है, जिसकी केंद्रीय सरकार की राजकीय भाषा, एक विदेशी भाषा है, जो देश-वासियों के लिए वैश्विक-लज्जा का विषय है। डा सुलभ ने प्रधानमंत्री जी से आग्रह किया है कि जून में गठित होने वाली आगामी केंद्रीय सरकार की मंत्री परिषद की प्रथम बैठक में यह संकल्प पारित हो कि हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा होगी। डा सुलभ ने प्रधानमंत्री के नाम एक पत्र भी लिखा है, जिसमें इस आशंका को निर्मूल सिद्ध किया गया है कि हिन्दी को देश की राष्ट्रभाषा बनाए जाने से भारत की किसी भी अन्य भाषा का अहित होगा, जैसा कि बार-बार भ्रम फैलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे अन्य भारतीय भाषाएँ भी समृद्ध होंगी, किसी का अहित तो कदापि नहीं होगा। बल्कि यह देश एक सूत्र में बँध जाएगा और हिन्दी, बोलने वालों की संख्या की दृष्टि से संसार की सबसे बड़ी भाषा बन जाएगी। राष्ट्र-हित में उठाया गया यह सबसे बड़ा पग माना जाएगा और आने वाली सैकड़ों पीढ़ियाँ प्रधानमंत्री को स्मरण करती रहेगी। यह प्रधानमंत्री की यशो आयु को हजारों वर्षों का बना देगी।

# पीएम मोदी का चुनावी रोड शो सुपर फ्लॉप : अरुण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी रोड शो को फ्लॉप शो बताते हुए का कि भाजपा ने रोड शो को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकी थी फिर भी रोड शो सुपर फ्लॉप शो साबित हुई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि रोड शो का जो रूट था क्रमशः भट्टाचार्य मोड़, ठाकुरबाड़ी रोड, बाकरगंज इलाके में तो प्रतिदिन उतनी ही भीड़ रहती है जितनी भीड़ रोड शो में था, अतिरिक्त में भाजपा कार्यकताओं के सिवाय कोई नहीं था। बेरोजगारी, महंगाई से त्रस्त आम लोगों ने नरेंद्र मोदी जी के रोड शो से अलग रखा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के लोगों को अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी का जॉब्स-शो पसंद है। तेजस्वी यादव जी ने 17 महीनों की महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री रहते हुए गांधी मैदान में जॉब्स-शो करके दिखा दिया है। सत्रह महीनों के अल्पावधि में 5 लाख सरकारी नौकरी देने का काम किया है। इसलिए नरेंद्र मोदी जी के रोड-शो देखने की लोगों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि काठ की हांडी एक बार चढ़ती है, बार बार नही चढ़ती है। बिहार ने 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 39 सीट जीता कर दिया था, लेकिन बिहार के लिए कुछ नहीं किया। नरेंद्र मोदी जी द्वारा जनता से किए गए सभी वायदे जुमला साबित हुआ। इसलिए नरेंद्र मोदी जी से जनता का विश्वास उठ चुका है। नरेंद्र मोदी जी और एनडीए के झांसे में अब बिहार की जनता नहीं आने वाली है। इस लोकसभा चुनाव में एनडीए का सूपड़ा साफ हो जायेगा। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।

# हाजीपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे जनसभा को संबोधित

## जनसभा को लेकर तैयारी पूरी, सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर लोकसभा अंतर्गत कुतुबपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जनसभा की तैयारी को लेकर हाजीपुर के तमाम जनता में खासा उत्साह है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत सभी प्रमुख नेताओं के साथ तैयारी को लेकर सभी बिन्दुओं पर गहन चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये।श्री चिराग और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय राजू तिवारी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ हाजीपुर स्थित कुतुबपुर सभा स्थल जाकर निरीक्षण किए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर पूरी तैयारी मुकम्मल कर ली गई है। सुरक्षा के तमाम चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। जगह-जगह प्रधानमंत्री के स्वागत में तोरण द्वार बनायें गए है। जनसभा को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के तमाम नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर है। पार्टी की महिला प्रकोष्ठ के नेत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री जी के स्वागत की विशेष तैयारी की गई है। उनके स्वागत में हाजीपुर लोकसभा की जनता और पार्टी के कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की जायेंगी। डॉ भट्ट ने बताया कि उक्त जनसभा में प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन सुनने को लेकर हाजीपुर समेत पूरे बिहार से पार्टी की कार्यकर्ता और हाजीपुर की जनता लाखों की संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की मुकम्मल व्यवस्था को लेकर पार्टी ने अपने नेताओं को कई कमिटी के द्वारा जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो अपने दायित्व का पूरी मुस्तैदी के साथ निर्वहन करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पीएम रविवार को पटना में रोड शो किया। पीएम मोदी पहली बार पटना में रोड शो करने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस रोड शो को एतिहासिक बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। पीएम मोदी ना सिर्फ बिहार में पहला रोड शो कर रहे हैं बल्कि सबसे लंबा रोड शो भी करने जा रहे हैं। पीएम लगभग 2.5 किलोमीटर रोड शो कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम की रोड शो को लेकर पूरा पटना भगवामय हो गया है। इससे पहले पीएम मोदी पटना पहुंचते ही पहले राजभवन पहुंचे और जलपान किया। इसके बाद पटना शहर में आयोजित रोड शो में भाग लिया। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री का राजभवन में रात्रि विश्राम होगा। अगली सुबह वो सबसे पहले पटना साहिब जाएंगे, जहां वो मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सारण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। चौथे चरण के पांच लोकसभा सीट के अलावा हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर में भी चुनावी रैली करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी की नजर 10 लोकसभा सीट पर है।

# पीएम मोदी का रोड शो गरीबों के लिए आफत : शिवानंद



पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला है। श्री तिवारी ने कहा कि गरीबों के लिए आफत बनकर आयें हैं प्रधानमंत्री। छोटा मोटा काम कर परिवार चलाने वाले प्रधानमंत्री की नजरों से दूर रहें इसके लिए उन सबको उजाड़ दिया गया है। मैं जहाँ रहता हूँ वहाँ के फुटपाथ पर यहाँ-वहाँ कम से कम पचास परिवारों की रोजी रोटी चलती थी। एक फुटपाथी होटल था। जहाँ सस्ते में लोग खा लेते थे। दिन भर वहाँ खाने वाले भरे रहते थे। वहाँ खाने वाले भी अधिकांश निम्न मध्यवर्गीय लोग थे। अब वे पेट भरने के लिए यहाँ वहाँ दौड़ते रहेंगे। फल वाले, भुंजा वाले , फल का रस, गन्ना का रस आदि बेचने वाले कहाँ गए पता नहीं। जबकि हार्डिंग रोड प्रधानमंत्री के रास्ते में नहीं आता है। प्रधानमंत्री जी का रोड शो काफी घने इलाके से होकर गुजरेगा। सुना है प्रधानमंत्री हर मंदिर साहब भी जाने वाले हैं। वह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। पता नहीं प्रधानमंत्री के आगमन से कितने परिवार उजाड़े जाएँगे। श्री तिवारी ने कहा कि डाक बंगला चौराहा से मोदी जी के रोड शो की शुरूआत होगी। यह चौराहा पटना की नाक है। नीतीश जी के कुशल शासन में वहाँ बिजली का नंगा तार झूल रहा था। नंगे तार को बदल कर केबल वाला तार लगाया गया है। इसके लिए दो दिन तक उस इलाके की बिजली बंद कर दी गई थी। प्रधानमंत्री जी रात्रि विश्राम पटना में ही करेंगे। कल अलग-अलग संसदीय क्षेत्रों में उनका कार्यक्रम है। पता नहीं गरीब बिहार के कितने गरीबों का ठिकाना उजाड़ा जाएगा। देश की जनता तो टेलीविजन पर दिन रात उनका भाषण सुनती ही रहते हैं। चुनावी सभाओं में भी कहने के लिए कोई नई बात उनके पास होती नहीं है। तब उनको चुनावी सभाओं में भाषण देने की जरूरत ही क्या है।

# मीसा भारती आज दाखिल करेंगी नामांकन



पटना। लोकसभा चुनाव धीरे धीरे अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। तीन चरणों का मतदान खत्म हो चुका है। वहीं कल यानी 13 मई को चौथे चरण का मतदान होना है। पांचवे, छठे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं सातवें चरण के लिए नामांकन जारी है। इसी कड़ी मे आज यानी सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती भी नामांकन करेंगी। बता दें कि, राजद प्रत्याशी और लालू यादव की बेटी मीसा भारती पाटलिपुत्र से चुनाव लड़ रही है। वहीं पाटलिपुत्र में सातवें चरण में मतदान होना है। मीसा भारती ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मीसा भारती को जिताने के लिए उनके पिता लालू यादव, भाई तेजस्वी यादव भी हुंकार भरेंगे। मीसा भारती कल पाटलिपुत्र से नामांकन दाखिल कर जनसभा को भी संबोधित करेंगी। मीसा भारती ने ट्विट कर कहा कि, आप सभी से सादर निवेदन है आप सभी कल श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, गाँधी मैदान में आयोजित हमारी नामांकन सभा का हिस्सा बनें और अपनी दीदी, अपनी बेटी को अपना समर्थन, सहयोग और आशीर्वाद दें। आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद। मीसा भारती के नामांकन करने के बाद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में जनसभा का आयोजन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो वाहनों की टक्कर में एक कि मौत

वैशाली। वैशाली लालगंज मुख्य मार्ग पर हुसैन राघव पोखर के समीप एक धान से भरे ट्रक में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे मिनी ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची वैशाली पुलिस एवं ग्रामीणों के द्वारा ट्रक के केबिन में फंसे ट्रक चालक को काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को अहले सुबह लालगंज की ओर से लोहा का सामान लेकर एक मिनी ट्रक वैशाली की ओर आ रहा था। जैसे ही वह हुसैन राघव पोखर के निकट पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े धान से भरे एक ट्रक में उसने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे से आए ट्रक का सामने का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया एवं चालक ट्रक के केबिन में ही फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर वैशाली पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान पटना जिला बिहटा थाना क्षेत्र के गांव भाभ कन्हैया निवासी दिनेश कुमार पिता रामाशीष प्रसाद (40) के रूप में हुए है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# जन सुराज जन सरोकारों से जुड़े सवालों को लेकर संघर्ष तेज करने हेतु बैठक, लिए कई निर्णय

- जन सुराज के बैठक में एक करोड़ सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा करने का लिया संकल्प




प्रात : किरण संवाददाता

महेशखूंट। जन सुराज गोगरी प्रखंड का बैठक राज मानस होटल के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद बादल ने किया। वहीं सफल मंच संचालन एवं विषय प्रवेश जिला महासचिव किरण देव यादव ने किया।

बैठक में 125 त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधिगण, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्तागण, बुद्धिजीवी, जन सुराज से जुड़े सक्रिय सदस्यों, पदाधिकारियों ने भाग लिये। बैठक में परिचय सत्र में सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने परिचय देकर एक दूसरे का भव्य स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जन सुराज के जिला महासचिव किरण देव यादव ने कहा कि सही लोग, सही सोच, सामूहिक प्रयास से सच्चे अर्थों में जनता का एक नए सुंदर बेहतर शिक्षित विकसित समृद्ध राज्य का निर्माण करने, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना को साकार करने, एवं आदरणीय प्रशांत किशोर जी के हाथों को एवं जन सुराज संगठन को मजबूत करने हेतु एक करोड़ सदस्यता अभियान जन सुराज मिशन कार्यक्रम पंचायत, प्रखंड, जिला, राज्य, व राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है।

श्री यादव ने 97 216 97 216 मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल कर जन सुराज का सदस्य अधिकाधिक संख्या में बनने एवं बनाने का अपील किया। तथा देश एवं राज्य में आमजनों का वैकल्पिक संगठन जन सुराज को मजबूत करने का आह्वान किया।

सुप्रसिद्ध गायक सुनील छैला बिहारी ने भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी के खिलाफ जनगीत के माध्यम से घर-घर जन सुराज का अलख जगाने का आह्वान किया।

जन सुराज के प्रवक्ता विनय कुमार वरुण ने देश एवं राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष्य में समाज की दशा दिशा तय करने हेतु जन सुराज से जुड़ने का आह्वान किया।

बैठक में संगठन के सभापति अरविंद प्रसाद सिंह ने संगठन को मजबूत करने, संगठन से जुड़ने एवं जोड़ने तथा विस्तार करने पर बल दिया।

अध्यक्षीय संबोधन में नरेश बादल ने कहा कि देश एवं राज्य में व्याप्त महंगाई, भ्रष्टाचार, निजीकरण, बेरोजगारी, गरीबी, सामाजिक बुराई कुरीति के खिलाफ जनसमस्या समाधान को लेकर संघर्ष तेज करने की जरूरत है।

बैठक में सभी प्रखंडों में, अनुमंडल में एवं जिला स्तरीय बैठक करने, सदस्यता अभियान युद्ध स्तर पर चलाने, नागरिक सहायता केंद्र खोलने, युवा क्लब को गति देने, सृजनात्मक रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक गतिविधियां तेज करने, संगठन को बेहतर मजबूत एवं विस्तारीकरण करने आदि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में जन सुराज के महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष काजल कुमारी, बिधान चंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, गजेंद्र कुमार सिंह, रणवीर यादव, नवल किशोर सिंह, शंकर दास, राजेश चौरसिया, मुकेश चंद्रवंशी, सीपी चंद्रवंशी, सिकंदर आजाद, रविंद्र यादव, अमर कुमार रजक, दिनेश सिंह, रणधीर कुमार, विनय रंजन प्रसाद, चौधरी रियाजूल, आदेश कुमार, फैजल, दीक्षा, अंकित, अमित आदि ने जन सुराज के सिद्धांत विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराये।

# चिराग पासवान ने रोड शो में की अपने पक्ष में मतदान करने की अपील



प्रात : किरण संवाददाता

महुआ लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही लोकसभा चुनाव लड़ रहे विभिन्न प्रत्याशियों के द्वारा अपने-अपने तरीकों से चुनाव प्रचार प्रसार का दौर धीरे-धीरे तेज होती दिखाई दे रही है।सभी प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से जनता को लुभाने में लगे हुए हैं इसी कड़ी में रविवार की देर शाम लोजपा सुप्रीमो सह हाजीपुर लोकसभा के प्रत्याशी चिराग पासवान ने भी रोड शो निकालकर जनता से रूबरू होते हुए सभी मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते दिखे। मिली जानकारी के अनुसार हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चिराग पासवान के द्वारा महुआ में रोड शो का आयोजन किया गया। यह रोड से महुआ के कन्हौली उमत्ताहा से शुरू होते हुए महुआ के मंगरू चौक,जवाहर चौक शेरपुर छतवारा,हरपुर ओसती समेत विभिन्न मार्ग एवं गांव कस्बों से गुजरते हुए निकला। रोड शो के दौरान पार्टी के कार्यकताओं एवं नेताओं के साथ-साथ आम जनता ने भी लोकसभा प्रत्याशी चिराग पासवान का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह उनके ऊपर पुष्प वर्षा के साथ-साथ फूलमाला पहना कर भी चिराग पासवान का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान खासकर युवाओं में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। दर्जनों से ज्यादा युवाओं की भिड़ चिराग पासवान के साथ सेल्फी लेने में मस्त दिखे। वही रोड से के दौरान चिराग पासवान ने सभी मतदाताओं का हाथ हिला कर अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्होंने मतदाता भाइयों से अपने पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में भारी से भारी संख्या में बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह,महुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय सिंह,छात्र लोजपा के श्रीकांत पासवान,मनीष यादव,उपेन्द्र यादव,गणेश सिंह, मुखिया दशरथ पासवान, लक्ष्मण पासवान, विपिन यादव,अमोद जायसवाल, मुकेश कुमार,संभू पासवान,मुकेश पासवान,संजय पासवान, अनिल पासवान, मोहम्मद लाडले,पूर्व मुखिया विश्वबंधु सिंह,राजा कुमार आदि के साथ साथ अनेकों लोग उपस्थित थे।

# मातृ दिवस पर गोपालपुर को ग्रीन विलेज बनाने का लिया गया संकल्प

## धरती मां को सम्मान देने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाये




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : भारत की परम्परा रही है, जो हमे पोषित करे, वो माता तुल्य है, ठीक वैसे ही जैसे, माता संतान को जन्म देती है, रक्षा करती है, उसी प्रकार धरती से भी हम अनाज और अन्य जीवन दायिनी वस्तुएं ग्रहण करते है। उसे संरक्षित करने का लगातार प्रयास करना चाहिए। मातृ दिवस के अवसर पर साईकिल यात्रा एक विचार जमुई के बैनर तले अपनी 436 यात्रा के क्रम में खैरा प्रखंड के ढाब ग्राम पहुंच कर एक दर्जन से अधिक पौधा रोपण कर लोगो से अपील की गई की अपनी मातृ भूमि को हमेशा संरक्षित करें।

इस अवसर पर गोपालपुर मुखिया प्रतिनिधि सह फैक्स अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में चौपाल आयोजित कर ग्रीन गोपाल बनाने के लिए आवश्यक रणनीति बनाई गई जो विभिन्न विभाग और संस्थानों को सहयोग लेकर किया जायेगा। मंच के सदस्य धीरज कुमार सिंह ने बताया की धरती के फेफड़ा पेड़ों को कहा गया है। क्योंकि हमारे ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन पाया जाता है और इसे एक जीवित ग्रह के रूप में देखा जाता है। जिस दिन इस धरती से पेड़ खत्म हो जाएंगे इंसानी जीवन खत्म हो जाएगा इसलिए अपने जीवन को बचाने के लिए और धरती मां को सम्मान देने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाये। लड्डू मिश्रा ने कहा कि जीवन से मरण तक मातृ भूमि का उपयोग करते आ रहे और हर कोई किसी ना किसी प्रकार उसकी प्रदूषित कर क्षति पहुंचा रहे है । इस मातृ दिवस पर हमलोग सामूहिक रूप से संकल्प लें की काम से काम अपने गांव टोलों को स्वच्छ और हरा भरा बनायेगे।

मौके पर धीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, राकेश कुमार, लड्डू मिश्रा, संतोष कुमार, गोलू कुमार, गोपालपुर के मुखिया प्रतिनिधि पुरुषोत्तम कुमार सिंह, मनीष नंदन, पिंकू बाजपेई, अमोद कुमार सिंह, पिंटू कुमार, कुंदन सिंह, अवनीश नंदन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# महिला ने पति, सास, ससुर, भैंसुर व देवर पर लगाया मारपीट का आरोप

## गिद्धौर पुलिस से लिखित शिकायत कर की कानूनी कार्रवाई की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर थाना क्षेत्र के बनझुलिया गांव निवासी महिला ने अपने ही पति,सास,ससुर,भैसुर व देवर पर मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने की लिखित शिकायत गिद्धौर पुलिस से की है।हुए इस मारपीट में किरण देवी व उसकी पुत्री सोनाली कुमारी पुत्र प्रिंस कुमार व पियूष कुमार गंभीर रूप से घायल हुए है।बताया जाता है की एक ही परिवार के दो पक्ष के लोगो बीच बीते कई दिनों से नोंक झोंक चल रहा था। रविवार को आपसी विवाद गहरा गया।जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। जख्मी किरण देवी ने गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी को दिए शिकायती आवेदन में कहा है की बनझुलिया गांव निवासी व मेरे पति भगीरथ पासवान,सास उर्मिला देवी,ससुर राम भज्जू पासवान,भैंसुर कपिल पासवान व देवर बबलू



पासवान पिछले एक वर्षो से मुझे और मेरे तीनो बच्चो को प्रताड़ित करते आ रहे है। हर हर रोज कोई बहाना बनाकर मुझे और मेरे बच्चो के साथ उपरोक्त सभी लोग मारपीट करते रहते है।जबकि कई बार गांव में इसे लेकर पंचायत भी हुई लेकिन इन लोगो का जुल्म मेरे और मेरे बच्चो के प्रति बढ़ता ही गया।बताया की मेरे पति भगीरथ पासवान द्वारा मुझे और बच्चो को जबरन अपने आप से अलग कर दिया गया है। न ही बच्चो की पढ़ाई और न ही राशन का खर्च ही दिया जाता है।किसी तरह अपने मायके वालों से मांग कर अपना और अपने बच्चो का जीवन यापन कर रही हूं।रविवार को भगीरथ पासवान,उर्मिला देवी,राम भज्जू पासवान व कपिल पासवान द्वारा मुझे और मेरे बच्चो को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारना शुरू कर दिया गया।बच्चो द्वारा शोर गुल मचाए जाने पर आस पास लोग इकट्ठा हुए।तब जाकर हम सबों की जान बच पाई। आस पास के लोगो द्वारा मुझे गिद्धौर अस्पताल लाया गया।पीड़िता ने थानाध्यक्ष गिद्धौर से उपरोक्त सभी लोगो को नामजद आरोपित बनाते हुए कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# गिद्धौर में मारपीट के एक मामले में महिला घायल फटा सिर

## पीड़ित महिला ने थाना में दिया कार्रवाई को ले आवेदन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।थाना क्षेत्र के गिद्धौर निवासी पुष्पांजलि देवी ने मारपीट के एक मामले को लेकर गिद्धौर थाना में आवेदन दे थानाध्यक्ष से मामले में समुचित करवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मारपीट की घटना से आहत हो पीड़ित पुष्पांजलि कुमारी ने अपने शिकायती आवेदन के माध्यम से बताया है कि देर संध्या अपने रास्ते जा रही थी कि इसी दौरान बेवजह पड़ोस के ही मनोज साह

अनिता देवी,करण साह,काजल देवी द्वारा मेरे साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया गया।मुझे बचाने गयी मेरे बेटी के साथ भी मारपीट किया। पूर्व में भी कई बार मारपीट की घटना को अंजाम दे चुका है। इधर घटना को लेकर पीड़ित द्वारा थानाध्यक्ष को आवेदन दे मामले में न्याय की गुहार लगायी है।

कहते हैं थानाध्यक्ष

इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने कहा है कि मामले की छानबीन कर इस दिशा में समुचित कार्रवाई की जाएगी।

# सेवा गांव में 24 घंटे के अष्टयाम का हुआ समापन, अष्टयाम को ले ग्रामीणों में दिखा उत्साह



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर प्रखंड के सेवा पंचायत के पंडित टोला के काली मंदिर में सामाजिक सहयोग से एक दिवसीय अखंड रामधुन यज्ञ सह अष्टयाम यज्ञ का आयोजन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा किया गया। समाज कल्याण की भावना से प्रेरित हो आयोजित हुए इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर सेवा गांव के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया की सामाजिक विकास में वृद्धि, क्षेत्र की शुख समृद्धि शांति की मंगलकामना सहित जन कल्याण की भावना लिये, सामाजिक सहयोग से यहां यह धार्मिक अनुष्ठान करवाया जा रहा है। इधर इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर गांव वासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।24 घंटे तक चलने वाले इस एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्र के प्रख्यात आचार्य दीपू पंडित की टीम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से रामधुन अष्टयाम यज्ञ अनुष्ठान को आरंभ करवाया गया है।वहीं इस अखंड रामधुन के अवसर पर सीताराम सीताराम के स्वर के पूरा इलाका भक्तिमय माहौल से गुंजायमान हो गया है।गांव का पूरा इलाका भक्तिरस में सराबोर है।इधर 24 घंटे तक चलने वाले इस रामधुन यज्ञ को देखने के लिए ग्रामीण श्रद्धालुओं की भीड़ यहां उमड़ रही है।वहीं क्षेत्र के ग्रामीण महिलायें भी काफी उत्साहित हैं। अखंड रामधुन यज्ञ के दौरान श्रद्धालु भक्तों द्वारा यज्ञ मंडप के परिक्रमा के साथ रामधुन मंत्र का जाप किया जा रहा है।ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भी कहा है कि यह अखंड रामधुन अष्टयाम समाज में बरकत लाने हेतु जन कल्याण की भावना को ले किया जा रहा है। वही इस अष्टयाम के समापन के बाद ब्राह्मणों को भोजन दक्षिणा करने के बाद ग्रामीणों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इधर इस धार्मिक अनुष्ठान के मौके पर आयोजन समिति लक्ष्मण पंडित,वासुदेव पंडित,परमेश्वर पंडित,राहुल कुमार,सौरव कुमार,संतोष कुमार,कारू पंडित,दयानंद पंडित,राकेश कुमार,बबलू पंडित,रघुनाथ पंडित,बसंत पंडित,महेश पंडित,गिरधारी पंडित,मुकेश पंडित,संजीव कुमार,रामजी कुमार, फकडू कुमार,संजय पंडित सहित दर्जनों ग्रामीण इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागीदारी निभाए।

# हरैया पुलिस ने स्मैक के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। हरैया पुलिस ने छापेमारी कर स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में शहर के वार्ड संख्या 4 निवासी रमेश पंडित के पुत्र विक्की पंडित, डंकन रोड निवासी आवेश राम के पुत्र अमन कुमार वही वार्ड संख्या 5 तुमड़िया टोला निवासी रामबाबू गिरी के पुत्र अभिषेक कुमार गिरी को गिरफ्तार किया गया है। वही अनुज कुमार ने बताया कि इन तीनो के पास से 48.33 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। तीनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यहां बता दे कि पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी संख्या में युवक नशे का सेवन करने आते है। इसी पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई करते रहती है।

# शौच करने के विवाद मारपीट में 6 शख्स घायल

मशरक थाना क्षेत्र के सिकटी खंजाहा गांव में शौच करने गई महिला के साथ विवाद में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में 6 शख्स को घायल हालत में ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में दीनानाथ राम के 50 वर्षीय पत्नी चंपा देवी, हरेंद्र राम का 35 वर्षीय पुत्र लालबाबू राम, सुरेश राम की 40 वर्षीय पत्नी कुसुम देवी, मैनेजर राम की 27 वर्षीय पत्नी रेखा देवी, स्वर्गीय भिखू राम का 45 वर्षीय पुत्र बहारन राम, दीनानाथ राम का 17 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल हैं। मामले में थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# मां के सपनों को बेटी ने किया पूरा, एक साथ पांच प्रतियोगिता में पायी सफलता

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई मां अपने बच्चों के लिए हर कुछ कुर्बान कर देती है, वहीं अगर बच्चे भी मां की इच्छा और अधूरे सपने को पूरा करें, तो एक मां के लिए इससे ज्यादा खुशी का पल कुछ और नहीं हो सकता। जमुई की बेटी टीनू सिंह ने भी अपनी मां की कुर्बानियों को जाया नहीं होने दिया और दिन-रात मेहनत कर उसके सपनों को साकार किया है. जमुईः वैसे तो मां के लिए कोई एक दिन नहीं, बल्कि मां का हर दिन होता है. लेकिन आज दुनिया की तमाम मांओं को सम्मान देने के लिए मदर्स डे मनाया जा रहा है. जमुई से एक ऐसी सफलता की कहानी सामने आई है, जहां एक बेटी ने अपनी मां की कुर्बानियों को जाया नहीं होने दिया. उसकी मां ने जो सपने खुद के लिए देखे थे, उसे बेटी ने पूरा किया। टीनू सिंह ने मां के सपने को किया पूराः दरअसल जमुई जिला मुख्यालय के रहने वाले मुन्ना कुमार सिंह और पिंकी सिंह की बेटी टीनू सिंह ने अपनी मां को खुशियों से भर दिया है. उसने एक या दो नहीं बल्कि पांच अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं में



एक साथ सफलता हासिल की है. मां के सपने को पूरा करने के लिऐ बेटी ने दिन-रात एक कर दिया, जिससे पूरे परिवार की आंखे खुशी के आंसू से भर गईं। सरकारी अफसर बनना चाहती थी मांः दरअसल टीनू सिंह के पिता मुन्ना कुमार सिंह सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर हैं। मां पिंकी सिंह गृहिणी हैं. पिंकी सिंह अंग्रेजी में मास्टर की डिग्री और बीएड की डिग्री प्राप्त कर चुकी हैं। टीनू ने बताया उनकी मां बीपीएससी की अधिकारी बनना चाहती थीं, लेकिन ऐसा नहीं हो सका. बच्चों के पालन- पोषण के लिए अपने सपनों की तिलांजलि दे दी. टीनू ने किताबों से की दोस्तीः जिसके बाद टीनू सिंह ने अपनी मां के सपनों को पूरा करने की ठानी, और उस जिद में उसने किताबों से दोस्ती कर ली. टीनू ने बताया कि आज के समय में ज्यादातर युवा सोशल मीडिया पर लगातार एक्टिव रहते हैं, पर वह कभी भी सोशल मीडिया पर नहीं गई हैं. जिसके बाद अब वह बिहार सरकार की अफसर बिटिया बन गई है।

हमें हमेशा से लगता था कि बेटी कुछ ना कुछ जरूर करेगी. हालांकि टीनू का सपना अभी भी पूरा नहीं हुआ है, वह आगे यूपीएससी की पढ़ाई कर भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी बनना चाहती है.ह्व- पिंकी सिंह, टीनू की मां अब तक कई प्रतियोगी परीक्षा में हुई सफलः दरअसल 22 दिसंबर को उसका चयन कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर हुआ. उसके ठीक अगले दिन 23 दिसंबर को बिहार एसएससी की सीजीएल की परीक्षा में सफल होकर टीनू ने सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का पद हासिल कर लिया।

# हम एक नए सोच के है हम एक नया बिहार बनाएंगे: तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ ।हम एक नए सोच के है हम एक नया बिहार बनाएंगे। हमने बिहार में विकास के अनगिनत मार्ग खोल रखे थे। युवाओं को रोजगार के दिशा भी बेहतर तरीके से काम कर रहे थे। तेजस्वी ने भाजपा भगाओ देश बचाओ का नारा बुलंद करते हुए महागठ्वंधन के हाथों को मजबूत करने की अपील की। महुआ के गांधी मैदान में प्रत्याशी शिवचंद्र राम के लिए चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने यह कहा।उन्होंनेकेंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि पीएम मोदी धोखेबाज है। वे देश के लोगो से वादे करके मुकर जाते है। कहा की बीते 10 वर्षो में भाजपा सरकार देश को कंगाल बना दिया जुमलेबाजी कर मोदी सरकार देश को जनता को




ठगने का काम की है।उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा की हमारी सरकार बनती है तो रक्षाबंधन के मौके पर गरीब बहनों को एक एक लाख रुपए देंगे।इसके साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने की बाते कहते हुए कहा की हमने सूबे में 17 महीने की सरकार में 5 लाख बेरोजगारों को नौकरी देने का काम किया है तेजस्वी ने एनडीए सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए गरीब, गुरूबो की कल्याण, आरक्षण बचाने तथा देश देश की तरक्की को लेकर शिवचंद्र राम को जिताने की अपील करते हुए लोगो से पूछकर जीत का माला पहनाया।जबकि पूर्व मंत्री सह वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी ने भी अपने संबोधन में राज्य और केंद्र सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए जमकर हमला किया।सभा को विधायक डॉ मुकेश रौशन,विशुंदेव राय,मो सरफराज आलम,राजू साह,शंभू शरण राय, चौधरी,सविता यादव,मंजू सिन्हा के साथ अन्य लोगो ने भी संबोधित किया। इस सभा की अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष बैधनाथ सिंह चंद्रवंशी ने की। इस मौके पर महुआ के विधायक मुकेश रौशन, विज्ञान स्वरूप सिंह, राजद के महुआ प्रखंड अध्यक्ष नसीम रब्बानी, आप नेता प्रदीप सोनी,मुखिया रेखा चौधरी, इंजीनियर विश्वनाथ बैठा, पूर्व मुखिया विनोद राय, अनिल गुप्ता, अनिल चंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष श्रीकांत यादव, राजू साह, आप नेता मनोज साह, प्रकाश कुमार, उत्कर्ष कुमार उर्फ बच्चा बाबू, सफदर इशाद, शशी भारती, प्रदीप यादव, विपिन यादव, मुकेश कुमार यादव, विनोद यादव, बलराम सहनी, विनोद यादव, पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव, रामा शंकर यादव, राम नंदन सहनी, गणेश राय, मंजू यादव, नटवर यादव, दिलीप राय आदि के साथ साथ अनेकों लोग उपस्थित थे।

# गोरेया बाबा के स्थान पर कलश यात्रा के साथ अखंड अष्टयाम का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

तरैया पंचायत के गण्डार गांव में एसएच 73 स्थित गोरेया बाबा के स्थान पर रविवार को कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड अष्टयाम प्रारंभ हुआ।अखंड अष्ट्याम के लिए कलश यात्रा में 551 महिलाएं व युवतियां रंग बिरंगी परिधानों में हाथों में कलश लेकर शामिल हुई। कलश यात्रा यज्ञस्थल से निकलकर तरैया - मसरख एसएच 73 होते हुए रामबाग घंटी बाबा के दरबार में पहुंची।जहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर शाहनेवाजपुर - पचभिण्डा गांव में स्थित टंगरिया बाबा के बगीचे में पहुंची।टंगरिया बाबा के बगीचे में स्थित कुआं से आचार्य अर्जुन बाबा के वैदिक मंत्रोच्चार से कलश में जलभरी की गयी।कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड अष्टयाम सह रामनाम संकीर्तन प्रारंभ होते ही पूरा गांव भक्तिमय बना हुआ है. कलश यात्रा में मनोज राय सपत्नी,पिंटू कुमार यादव, बीरबल कुमार यादव,अक्षय कुमार यादव,आनंद कुमार यादव,राजदेव राय,जनार्दन राय,रामबाबू राय,काशी राय, नंदकिशोर राय,कृष्ण कुमार राय, संजय राय,राकेश कुमार यादव, उमा शंकर राय सहित अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# मशरक पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के बाइक संग तीन युवक को पकड़ा

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग के दौरान तीन बाइक चोर युवक को चोरी के बाइक संग दबोचा । जिनके पास बाइक के कोई कागजात नही होने पर जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ शुरू की तो उन्होंने बाइक चुरा कर आसपास के गांव में बेचने की बात स्वीकार किया। सअनि सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में एन एच 227 ए बनसोही नयका बाजार के पास वाहन चेकिंग में एक बाइक पर सवार तीन युवक को जांच के लिए नहीं रुक भागने लगे जिन्हे पुलिस ने खदेरकर पकड़ा पकड़े गए युवक रंजीत कुमार 24 वर्ष , अनिल कुमार 24 वर्ष पिता स्व चंद्रदेव राय निपनिया इसुआपुर , तरुण कुमार 23 वर्ष सहबाजपुर पानापुर ने बाइक का कागज नहीं दे पाए । एक ही बाइक का इलेक्ट्रॉनिक जांच में रजिस्ट्रेशन स्त्यापन पर किरण देवी मीरगंज , गोपालगंज के नाम पर जबकि चेचिस नंबर और इंजन नंबर से अलग अलग वाहन स्वामी मिले सभी ने पुलिस को अपनी बाइक चोरी होने तथा प्राथमिकी दर्ज कराने की बात बताई। इधर सख्ती से पूछताछ में इन तीनो ने स्वीकार किया कि बाइक चुरा नंबर प्लेट, इंजन चेचिस बदलकर बाइक बेचते है । इसमें सहबजपुर पानापुर के हमारे साथी राजनिक कुमार उर्फ बिपिन एवम आकाश सिंह मदद करते है । बाइक बेचे जाने पर मिली राशि हम आपस में बांट लेते है । पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मंडल कारा छपरा भेजा।

सम्पादकीय

## भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए

देश में हिंदुओं की आबादी में कमी आ रही है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारीः राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण (1950-2015) दस्तावेज में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने खुलासा किया है।इसमें हिन्दू आबादी के 7.82 फीसद कम होने के साथ मुसलमानों की 43.15 फीसद बढे की बात की गई है। सिखों की आबादी 1.24 फीसद से बढकर 1.85 फीसद तथा इसाइयों की 2.24 फीसद से बढ कर 2.36 फीसद हो गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार बौद्ध भी बढ़े हैं, जबकि जैन व पारसियों की संख्या घटी है।यूं तो जनसंख्या के आंकड़े जनगणना के माध्यम से आते हैं। जो 2011 के बाद से नहीं हो सकी है। जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, जो करोना महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस अध्ययन में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक आबादी में आए उतार-चढाव के अंतरराष्ट्रीय रुझान का पता लगाने के लिए 167 देश शामिल थे, जिसके मुताबिक भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम आबादी की बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा हुई।जबकि बांग्लादेश में 10 फीसद व पाकिस्तान में 10 फीसद मुसलमानों की आबादी में बढ़त देखी गई। देश में मौजूदा वक्त में लोक सभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें सत्ताधारी दल पहले ही धार्मिक आधार पर बयानबाजियां करने और समाज में दरारें पैदा करने में हिचक नहीं रहा है। ऐसे में इस रिपोर्ट का प्रचार खास समुदाय को निशाना बनाने में सहायक साबित हो सकता है। विपक्ष भी इसे चुनावी चाल कह आरएसएस का एजेंडा चलाने का आरोप लगा रहा है।वास्तव में हम धर्मनिरपेक्ष देश हैं, जिसमें सभी धर्मो का बराबर सम्मान किया जाना और उनके साथ सहिष्णुता बरतना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुसलमानों की आबादी बढे के कारणों में यूं तो उनकी चार शादियां, धर्मांतरण व घुसपैठ को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि इसके पीछे अशिक्षा व जागरूकता की कमी अधिक है।विशेष समुदाय पर देश की जनसांख्यिकी बदलने के प्रयासों का आरोप मढा कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया भर में मुसलमानों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ रही है। बीते सौ वर्षों में वे 12.5 फीसद से बढकर 22.5 फीसद हो चुके हैं।इसलिए केवल भारत में मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या के लिए भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए। साथ ही उन्हें जागरूक करने और सेहत संबंधी फायदों के विषय में आगाह करने के प्रयास करने चाहिए।

## मोदी दशक के बाद भारत का लोकतंत्र

जावेद अनीस

पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई पहली हिंदुत्ववादी सरकार के एक दशक पूरे हो चुके हैं, इस दौरान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार अपने कोर एजेंडे को लागू करने में बहुत ईमानदार साबित हुई है साथ ही उसने यह सन्देश देने का कोई मौका नहीं गवाया है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नये भारत का निर्माण हो रहा है जो 1947 में जन्में भारत से बिलकुल अलग है लेकिन इसी के साथ ही भारत एक विकेंद्रीकृत,उदारवादी और समावेशी लोकतंत्र के तौर पर लगातार कमजोर हुआ है. एक दशक के बाद ऊपरी तौर पर तो भारत वही ही दिखलाई पड़ता है लेकिन इसकी आत्मा को बहुत ही बारीकी से बदल दिया है. आज भारत और भारतीय होने की परिभाषा बदल चुकी है. विभाजक और एकांगी विचार जो कभी वर्जित थे आज मुख्यधारा बन चुके हैं, भारतीय लोकतंत्र को रेखांकित करने वाले मूल्यों और संस्थानों पर लगातार हमले हुये हैं जिससे लोकतंत्र के स्तम्भ कमजोर हो चुके हैं, नागरिक के बीच असामनता बढ़ी है और नागरिक स्थान सिकुड़ते गये हैं. देश और नागरिक समाज और मीडिया की स्थिति भारत पूरी तरह से बदल चूका है, 2014 से 2024 के बीच देश का बुनियादी चरित्र बदल चूका है. आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिए गये प्रसिद्ध भाषण ह्वट्रिस्ट विद डेस्टिनीह्व में पुराने से बाहर निकल नए युग में कदम रखने का वादा किया गया था लेकिन अब देश के पहले प्रधानमंत्री द्वारा नियति से किये गये वायदे को तोड़ दिया गया है. आज भारत भविष्य के रास्ते से भटककर अतीत के रास्ते पर चल पड़ा है. सबसे चिंताजनक स्थिति उस धर्मनिरपेक्षता के रास्ते से हटना है जिसे आजादी के बाद से हमारे राष्ट्रीय नीति का एक मूलभूत सिद्धांत माना जाता रहा है, उसकी जगह हिंदू राष्ट्रवाद ने खुद को स्थापित कर लिया है. आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद आज देश, समाज और राजनीति में हिन्दुतत्व की विचारधारा का स्वर्णकाल है.पिछले दस सालों खासकर 2019 के बाद अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने अपने वैचारिक एजेंडे को जोरदार गति से क्रियान्वित किया है जिसमें अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक पर कानून, नागरिकता संशोधन कानून-2019 प्रमुख रूप से शामिल हैं. राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद केंद्र सरकार के कैबिनेट बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया है कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है. एक लोकतंत्र में सिविल सोसाइटी( नागरिक समाज) की भूमिका उसके अंतरात्मा के आवाज की तरह होती है. यह राज्य और बाजार से स्वतंत्र ईकाई होती है और किसी भी जिंदादिल लोकतंत्र के लिए प्रभावी सिविल सोसाइटी का वजूद बहुत जरूरी है. नागिरकों के हितों की वकालत,लोकतांत्रिक सहभागिता और मानव अधिकारों की रक्षा जैसे काम इसकी प्रमुख भूमिकाओं में शामिल है. पिछले एक दशक के दौरान भारत में सिविल सोसाइटी की आवाज कमजोर हुई है साथ ही नागिरकों का सिविक स्पेस भी संकुचित हुआ है. सिविल सोसाइटी और नागरिक अधिकारों पर नजर रखने वाले वैश्विक संगठन सिविकस ने अपने 2022 के रिपोर्ट में भारत को दमित की श्रेणी में रखा है. गौरतलब है कि 2019 से भारत लगातार इसी श्रेणी में है. रिपोर्ट में कहा गया है कि ह्यजो लोग और संगठन सरकार से सहमत नहीं होते हैं उनके खिलाफ यूएपीए और एफसीआरए जैसे कानूनों का इस्तेमाल किया जाता है.ह्व

मीडिया का हाल तो बेहाल है ही. देश के प्रमुख मीडिया घरानों की विश्वसनीयता लगातार कम होती गयी है, कम हो भी गई है, वे पक्षपाती नजर आने लगे हैं, मुख्यधारा की मीडिया मोदी सरकार की आलोचना करने में स्वतंत्र महसूस नहीं करती है. इन सबके चलते एक स्वंतत्र संस्थान के तौर पर मीडिया बहुत कमजोर हुई है. 2014 के बाद से भारत विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 180 देशों में से 161वें स्थान पर आ गया है, जो अफगानिस्तान, बेलारूस, हांगकांग, लीबिया, पाकिस्तान और तुर्की से नीचे है. इधर सोशल मीडिया के उदय ने संचार सामग्री के निर्माण और प्रसार को विकेंद्रीकृत तो कर दिया है लेकिन उसकी प्राथमिकता मूल्य गुणवत्ता के बजाय वायरल होना (तेजी से फैलना) है. लोकतंत्र के उखड़ते पावं 2014 में नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद से देश की प्रमुख लोकतांत्रिक संस्थाएं औपचारिक रूप से अपनी जगह पर बनी हुई हैं लेकिन लोकतंत्र को कायम रखने वाले मानदंड और प्रथाएं काफी हद तक कमजोर हुई हैं इस स्थिति को देखते हुये लोकतंत्र पर नजर रखने वाले संगठन आज भारत को एक ऐसे ह्वहाइब्रिड शासनह्व के रूप में वर्गीकृत करते हैं जहां ना तो पूरी तरह से लोकतंत्र है ना ही निरंकुशता.

लेकिन अंतरराष्ट्रीय संस्था वी-डेम इंस्टिट्यूट की डेमोक्रेसी रिपोर्ट-2024 में कहा गया है कि ह्य2023 में भारत ऐसे 10 शीर्ष के देशों में शामिल रहा जहां पूरी तरह से तानाशाही अथवा निरंकुश शासन व्यवस्था है.ह्व वी-डेम इंस्टिट्यूट द्वारा भारत को 2018 में चुनावी तानाशाही की श्रेणी में रख दिया गया था, उसके बाद से वी-डेम के सूचकांक में भारत का दर्जा लगातार गिरा ही है. भारत में 2024 में आम चुनाव होने जा रहे हैं, लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मैच समान पिच पर खेला जाए लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से मिली भारी दानराशि, विपक्ष पर केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के चलते मुकाबला एकतरफा सा लगने लगा है. विपक्ष और जागरूक नागिरकों द्वारा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष होने को लेकर चिंताएं वाजिब हैं.एक लोकतंत्र में राजनीतिक प्रक्रिया का मतलब सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि रचनात्मक सहयोग को बढ़ावा देना है, एक प्रकार से देखा जाए तो एक लोकतंत्र में राजनीति का अर्थ आम सहमति और सामूहिक कार्रवाई के लिए मंच प्रदान करना है लेकिन भारत में आज दोनों चीजें दुर्लभ हो चुकी हैं. भारतीय लोकतंत्र में सत्ता संतुलन की स्थिति बिगड़ चुकी है. पिछले दस वर्षों से हमारे लोकतंत्र के साथ ऐसा कुछ हो रहा है जो इसकी लोकतांत्रिक आत्मा को खत्म कर रहा है और हम गुस्से से उबलते,आपस में भिड़ते,छोटे दिल,दिमाग और संकीर्ण आत्मा वाले एक राष्ट्र के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं. भारत में लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रक्रिया कमजोर हो चुकी है. अब हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र नहीं रह गये हैं. ऐसा नहीं है कि संस्थागत तंत्र पर कब्जा कर लिया गया है, बल्कि लोकतंत्र के रूप में हमारे आगे बढ़ने के रास्ते बंद होने की कगार पर हैं, सत्ता केंद्रीकृत होती जा रही है,शक्ति संतुलन को साधना लगातार मुश्किल होता जा रहा है.

## अरविंद केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत के सियासी मायने

समझा जाता है कि कोर्ट के इस उदार पहल से भारत में एक नई सियासी क्रांति का आगाज हो सकता है। लिहाजा, इस निर्णय के सफेद और स्याह पक्ष पर चर्चा करने से पहले यह बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच का सामना कर रहे और पिछले 50 दिन से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने आगामी एक जून 2024 तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। ऐसा इसलिए कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विगत 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के इस निर्णय की तब बहुत आलोचना हुई थी, क्योंकि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ही उन्हें गिरफ्तार किया गया था, जो भारतीय राजनीतिक इतिहास की अनोखी घटना बन चुकी है। इसी मामले में गत 8 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान ही न्यायमूर्ति खन्ना ने प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। इससे एक दिन पहले भी यानी गत 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि मामले की सुनवाई जल्दी पूरी होने की उम्मीद नहीं है।





कमलेश पांडे
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

सुप्रीम कोर्ट के एक साहसिक निर्णय से जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के चुनावों के दौरान बाहर आने और चुनाव प्रचार में अपनी भागीदारी जताने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। समझा जाता है कि कोर्ट के इस उदार पहल से भारत में एक नई सियासी क्रांति का आगाज हो सकता है। लिहाजा, इस निर्णय के सफेद और स्याह पक्ष पर चर्चा करने से पहले यह बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच का सामना कर रहे और पिछले 50 दिन से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने आगामी एक जून 2024 तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है।

ऐसा इसलिए कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विगत 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के इस निर्णय की तब बहुत आलोचना हुई थी, क्योंकि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ही उन्हें गिरफ्तार किया गया था, जो भारतीय राजनीतिक इतिहास की अनोखी घटना बन चुकी है। इसी मामले में गत 8 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान ही न्यायमूर्ति खन्ना ने प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। इससे एक दिन पहले भी यानी गत 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि मामले की सुनवाई जल्दी पूरी होने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में कोर्ट लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है।


हालांकि, कोर्ट ने शर्त रखी थी कि अगर चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। फिर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भिजवाने वाली ईडी परेशान हो गई। आनन-फानन में ईडी ने एक हलफनामा दायर करके उनके अंतरिम जमानत का विरोध किया और कुछ अकाट्य दलीलें भी दी। जिस पर केजरीवाल की लीगल टीम ने भी कड़ी आपत्ति जताई। जिसके दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की सभी दलीलों को दरकिनार करते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

यही वजह है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने के सियासी और न्यायिक मायने तलाशे जा रहे हैं। क्योंकि यह एक असाधारण न्यायिक आदेश है, जो अब बौद्धिक विमर्श का मुद्दा भी बन चुका है। समझा जा रहा है कि कोर्ट के ताजा निर्देश से जहां देश में जनतांत्रिक भावनाओं को बल मिलेगा, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध में शामिल राजनेताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। क्योंकि जेल से बाहर रहने का एक अमोघ कानूनी हथियार कोर्ट के फैसले से उन्हें मिल चुका है। लिहाजा, आने वाले दिनों में जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगे जाने के मामले बढ़ेंगे। बता दें कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल को किसी भी तरह की विशेष राहत देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दिया जाना समानता और कानून के शासन के लिए अभिशाप जैसा होगा। इससे ऐसी नजीर कायम होगी कि सभी अपराध करने वाले अनैतिक राजनेता चुनाव की आड़ में जांच को नजरअंदाज करेंगे, चाहे वो पंचायत चुनाव हो, नगरपालिका चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो या फिर आम चुनाव। यदि वे गिरफ्तार किए जाते हैं तो प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगेंगे। दो कदम आगे की सोचते हुए उसने तर्क दिया कि आजतक किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई, चाहे जेल में बंद वह व्यक्ति स्वयं भी प्रत्याशी क्यों न रहा हो, जबकि केजरीवाल तो उम्मीदवार भी नहीं हैं। ऐसे भी कई उदाहरण हैं कि अपराधी जेल से ही चुनाव लड़े और जीत भी गए, लेकिन उन्हें कभी इस आधार पर जमानत नहीं मिली। वैसे भी चुनाव प्रचार न तो संवैधानिक अधिकार है और न ही मौलिक अधिकार। लिहाजा ऐसा होने से कानून का उल्लंघन करने वाले हर अपराधी को राजनीतिज्ञ बनने और वर्ष भर प्रचार के मोड में रहने का प्रोत्साहन मिलेगा। राजनेता आम आदमी से ऊपर होने और विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता। ईडी ने अपनी दलील में चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार, जिसे कोर्ट ने संवैधानिक अधिकार माना है, वह भी हिरासत के दौरान नहीं रहता। जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 62(5) जेल में बंद व्यक्ति के मतदान के अधिकार में कटौती की बात करती है। यह चीज देखने लायक है कि पिछले पांच सालों में करीब 123 चुनाव हुए हैं और अगर किसी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जाने लगे तो किसी भी राजनेता को गिरफ्तार करके जेल में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि चुनाव तो सालभर चलने वाली गतिविधि है। हर राजनीतिज्ञ हर स्तर पर यह दलील दे सकता है कि अगर उसे जमानत नहीं दी गई तो उसे न भरपाई होने वाला नुकसान होगा। ईडी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस समय सिर्फ पीएमएलए कानून में ही बहुत से नेता जेल में हैं। उनके मामलों को जांचने के बाद सक्षम अथॉरिटी ने उनकी हिरासत को सही ठहराया है। बहुत से नेता पीएमएलए के अलावा अन्य अपराधों में जेल में होंगे। ऐसे में अरविंद केजरीवाल के साथ विशेष व्यवहार करने और उनकी विशेष मांग स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है। उसने तो यहां तक कह दिया कि केजरीवाल ने कई समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश न होने के पीछे पांच राज्यों में चुनाव का यही आधार दिया था। ऐसे में अगर कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी तो उनके द्वारा आप के स्टार प्रचारक होने के आधार पर प्रचार के लिए समन को नजरअंदाज करने का कारण बनाये जाने पर न्यायिक मुहर लग जाएगी।

## चुनाव के दौरान रंग भेद की राजनीति

भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दशार्ने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है



सुरेश हिंदुस्थानी
लेखक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार है

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दशार्ने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं।

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा।

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो, लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। एक बार मैंने अपने एक लेख में लिखा था, जिसका उल्लेख अन्य लेखक भी कर चुके हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ता धताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया।

इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फजीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजय का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है।

## गरीबों के हित में बड़े बदलाव का संकेत है कांग्रेस का एजेंडा

जगदीश रत्तनानी

किसी भी माध्यम का कुशल उपयोग इस बात की समझ के अभाव में खतरनाक है कि इसका उपयोग क्यों किया जा रहा है और यह कहां ले जाएगा। आज की कांग्रेस के लिए यह सेवानिवृत्त नौकरशाहों से दूर रहने की चेतावनी होनी चाहिए। उसे भ्रष्टाचार रोकने के लिए पैनी नजर रखनी होगी। चाहे वह सत्ता में हो या न हो, लेकिन कांग्रेस को एक टीम बनाने के लिए अधिक युवा नेतृत्व और प्रतिबद्ध लोगों की आवश्यकता होगी ताकि पार्टी जीवंत रह सके। जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है उसके मद्देनजर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर बहुत कुछ पहले ही बदल चुका है। पहली बात, कांग्रेस पार्टी एक दशक से भी ज्यादा वक्त में पहली बार मतदाताओं के सामने अपनी राजनीतिक स्थिति को स्पष्ट रूप से पेश करने में सफल हुई है। यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है जो पूरी तरह से वामपंथ के साथ चल रही है। सवाल यह नहीं है कि वह कितने डिग्री तक वामपंथ के साथ है परन्तु यह दिशा और स्थिति का सवाल ज्यादा है और बताता है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी किस स्थान पर खड़ी है। कभी उदारीकरण और निजीकरण की समर्थक पार्टी से इस वक्त जो उभर कर सामने आ रहा है वह अब सामाजिक न्याय, धन-आय सम्बन्धी असमानता या श्रमिकों के अधिकारों के एजेंडे के साथ एक अनिश्चय की स्थिति वाला रवैया नहीं है। यह एजेंडे का स्पष्ट रूप से रखा जाना है। यह वामपंथ की ओर एक तेज मोड़ है जो हाल के समय में कभी स्पष्ट नहीं था जितना इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण के दौरान था। वर्तमान में मतदाताओं की प्रतिक्रिया यह दशार्ती है कि पार्टी जनता की भावनाओं को समझ रही है और उसकी गतिविधियां राष्ट्र के मूड के अनुरूप है।

कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए इस प्रखर वैचारिक स्थिति के प्रति कटिबद्धता महत्वपूर्ण है जबकि कुछ लोग कहेंगे कि पार्टी परिस्थितियों से मजबूर हो गई है। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि वामपंथ के प्रति इस झुकाव को नेतृत्व और काडर द्वारा पूरे दिल से गले लगाया गया है। कांग्रेस ने 4 जून को आने वाले परिणामों की घोषणा से बहुत पहले यह एक महत्वपूर्ण चुनाव किया है। उल्लेखनीय है कि नारेबाजी और उम्मीद-सेटिंग के कारण विजयी के रूप में देखे जाने के लिए भाजपा को अपने 303 के पिछले आंकड़े को पार करना होगा वहीं इंडिया गठबंधन को जीत का दावा करने के लिए भाजपा को 272 से नीचे खींचना होगा। इस बात की संभावना को छोड़ दें कि इस समय कांग्रेस और/या इंडिया गठबंधन इन चुनावों में बहुत खराब प्रदर्शन कर रहा है या नहीं, लेकिन देश में एक ऐसी पार्टी है जो आने वाले दिनों में भारत की नीति तय करेगी। यह एक ऐसी भूमिका है जिसे कांग्रेस ने त्याग दिया था और जिसके कारण वह अप्रासंगिक हो गई थी। इसी ने ह्यक्याङ, ह्यकैसेह्व और ह्यक्योंह्व की ठोस स्थिति में बंधी स्पष्ट राजनीतिक दिशा के अभाव में भाजपा के लिए जमीन छोड़ दी थी। इस निश्चित दिशा के बिना हमारे पास जो कुछ भी था वह भाजपा की सांप्रदायिकता और भ्रष्टाचार पर एक दंतहीन हमला था जिसमें दृढ़ विश्वास नहीं था और जो मतदाताओं की मंशा के अनुरूप कारगर नहीं है। बहरहाल अब कहानी बदल गई है। कांग्रेस में एक दशक से आ रही गिरावट और केंद्रीय सत्ता में रहने के दौरान भी इसकी धीरे-धीरे हो रही गिरावट, नव-उदारवादी एजेंडे का नेतृत्व करने के लिए जानी जाने वाली पार्टी का अपरिहार्य परिणाम थी। हाल के दिनों में इसकी एकमात्र उपलब्धि 1991 के आर्थिक सुधार थे। ये सुधार भी परिस्थितियों के कारण मजबूरीवश किए गए थे। इन सुधारों ने एक ओर ह्यएनीमल स्प्रिटह्व (अर्थ व्यवस्था में, ह्यएनीमल स्प्रिटह्व शब्द बाजार मनोविज्ञान और स्वभावजन्य अर्थशास्त्र में उपयोग में आता है। ह्यएनीमल स्प्रिटह्व आत्मविश्वास, आशा, भय और निराशावाद की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो व्यक्ति या व्यक्ति समूहों की वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है और बदले में आर्थिक विकास को बढ़ावा या बाधित कर सकती है) को उजागर करने का प्रयास किया लेकिन दूसरी ओर इसने श्रमिकों के अधिकारों पर अंकुश लगाने तथा व्यापक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की ओर भी कदम बढ़ाए। मजबूत शासन और कमजोर या गैर-मौजूद पुलिसिंग के अभाव या मिलीभगत के कारण यह भ्रष्टाचार सार्वजनिक क्षेत्र के आधिपत्य से निजी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, सोमवार, 13 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पिराड़ी से 20 लीटर शराब जब्त, जेल

बेतिया इनरवा थाना क्षेत्र से शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की सूचना के आधार पर पिराड़ी में छापा मारा गया. छापेमारी के दौरान बेचने के नियत से घर में छुपा कर रखे 20 लीटर शराब के साथ बद्री राम का पुत्र फुलचंद राम को गिरफ्तार किया गया।

### बच्चों ने मतदान करने का किया अपील

छपरा कार्यालय। छपरा सेंट्रल स्कूल के बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान के द्वारा मतदाताओं से मत करने की अपील किया। इस अवसर पर बच्चों ने वोट फॉर नेशन की कालाकृति बनाकर सारणवाशियो से मतदान के लिए निवेदन किया। विद्यालय के सचिव डा. पंकज कुमार एवम प्राचार्य श्री संतोष कुमार ने भी अपील करते हुए कहा की आपका एक एक मत देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सबसे पहले मतदान करें। जागरुकता अभियान में शामिल होने वाले सृष्टि सिंह, अलिशा, सिधात्री श्रीवास्तव, अद्रिकाश्री, समृद्धि वर्मा, आर्यन कश्यप, आदर्शदीप, आयुष्मान राज, आदित्य राज, हर्षित शुक्ला, अमृत राज,देव राज, श्रीयमकुंज, ईशान भार्गव, कार्यकर्म संयोजक मानस मल ,कार्यक्रम प्रभारी सुमेश वर्मा , टीम लीडर ईमरान खान ने भी मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील की।

### लायंस इंटरनेशनल के लियो डिस्टिक प्रेसिडेंट बने लियो आशुतोष पाण्डेय तो सचिव बने मनीष कुमार

छपरा :- अंतरराष्ट्रीय लायंस इंटरनेशनल 322ई के द्वारा लियो अधिवेशन भागलपुर में आयोजित की गई, जिसमे बिहार के विभिन्न जिलों से लियो सदस्य सम्मिलित हुए, जिसमे लियो क्लब छपरा टाउन के अध्यक्ष को सर्व सम्मिनित से लियो डिस्टिक प्रेसिडेंट लियो आशुतोष पाण्डेय को बनाया गया, वही लियो इंटरनेशनल के सचिव मनीष कुमार मनी को बनाया गया। लायंस इंटरनेशनल के जिलापाल विनोद अग्रवाल, उप जिलापाल लायन गंवांत मालिक, उप जिलापाल इलेक्ट संगीता नंदा, पीडीजी डॉ एस के पाण्डेय, पीडीजी अनुपम सिंघानिया, प्रकाश नंदा, लियो चेयर पर्सन लायन ऋतु अग्रवाल, राजेश अग्रवाल ने बधाई दिया।

### समाजसेवी पाशपति देवी का हार्ट अटैक से निधनः शोक

इसुआपुर ।प्रखंड के शामपुर गांव निवासी धनपत सिंह की 70 वषीर्या पत्नी सामाजिक कार्यकर्ता पाशपति देवी का असामयिक निधन रविवार की सुबह हार्ट अटैक से हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वे जीवन पर्यन्त सामाजिक कार्यों से जुड़ी रहीं । वहीं गरीब, असहाय, वृद्ध, लाचार लोगों की सेवा निःस्वार्थ भाव से करती रहीं ।इसी सेवा की बदौलत उनके बड़े पुत्र राजकिशोर सिंह ने 10 वर्षों तक इसुआपुर पंचायत के मुखिया पद पर रहकर लोगों की सेवा की। वहीं उनकी बड़ी पुत्रवधू मीरा देवी 5 वर्षों तक पंचायत की मुखिया के रूप में लोगों की सेवा से जुड़ी रहीं। उनके अंतिम दर्शन के लिए प्रदेश के वरीय नेता तथा सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, तरैया के प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विक्कु सिंह, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, मुखिया धनंजय पांडेय, मुखिया गुन्नू सिंह, पूर्व मुखिया गजेंद्र सिंह, आलोक पांडेय, विजय सिंह, पूर्व सरपंच उमेश्वर सिंह, त्रिभुवन चतुर्वेदी, डॉक्टर उपेंद्र सिंह, श्याम प्रसाद, जितेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, ढ़ोलन सिंह, रामनाथ सिंह, पूर्व प्राचार्य सच्चिदानंद सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 45 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

परसा.गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के गौरीगांवा गांव में छापेमारी करते हुए 45 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार शराब कारोबारी पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज.उक्त गिरफ्तार शराब कारोबारी दरियापुर थाना क्षेत्र के सराय साहो डीह निवासी स्व जगरनाथ राम का पुत्र संतोष कुमार राम बताया जाता है.थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया गिरफ्तार शराब कारोबारी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए रविवार को जेल भेज दिया गया है।

# मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण पांच केंद्रों पर शुरू

## प्रशिक्षण केंद्र पर बनाए गए फैस्लीटेशन सेंटर का धिकारियों ने किया निरीक्षण

- डीडीसी दिखीं कुशल प्रशिक्षक की भूमिका में, कार्यो से कराया अवगत
- मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। लोक सभा चुनाव के लिए मतदान आयोजित कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण रविवार को शहर के पांच केंद्रों पर प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण कोषांग की वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने जिला स्कुल केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान वह एक कुशल प्रशिक्षक की भूमिका में दिखीं। उन्होंने ट्रेनिंग के आदर्श मॉड्यूल प्रश्नोत्तरी विधि को अपना कर जहां प्रशिक्षुओं का ध्यान केंद्रित कराते हुए विषय प्रवेश कराया। वहीं उनको जानकारी को आत्मसात हो जाने की टेक्निक ईस्तेमाल करते हुए वातार्लाप विधि का प्रयोग किया। उन्होंने पूछा कि आप पार्टी मिलान और ब्रीफिंग के लिए कब और कहां पहुंचेंगे। उसके बाद कहां जाएंगे। इवीएम रिसीव कौन-कौन और कहां से करेगा। इवीएम रिसीव करते ही कहां के लिए प्रस्थान करेंगे। डीडीसी ने बिन्दुवार विभिन्न कार्यो को चरणबध्द तरीके से स्पष्ट किया। उन्होंने बूथ पर पहुंचने से प्रारम्भ कर मॉक पोल, वास्तविक मतदान, प्रत्येक दो घंटे पर पीओ ऐप्प से वीटीआर की रिपोटिंग, मतदान की समाप्ति और मशीनों के बाजार समिति कलेक्शन सेंटर पर जमा कराने तक के कार्य पर सूक्ष्मता से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने आपको अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। इसलिए आपका आचार व्यावहार भी बिल्कुल संयमित और आदर्श होना चाहिए। इवीएम के साथ जबतक रहें बिल्कुल सतर्क और संवेदनशील रहें। इसके अतिरिक्त एडीएम पीजीआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा करते हुए प्रशिक्षुओं को मतदान के की-पॉइंट से अवगत कराया। उन्हें प्रशिक्षण बुकलेट को गहनता अध्ययन कर भरे हुए तमाम फॉर्मेट के नमूने के अनुसार प्रैक्टिस कर समझ लेने को कहा। मास्टर ट्रेनर को प्रत्येक कर्मी को इवीएम का हैंड्सऑन करवाने और प्रशिक्षण का समापन कोश्चनाएर भरवा कर करने का निदेश दिया। उन्होंने प्रशिक्षण स्थलों और समाहरणालय में बनाए बनाए गए फैस्लीटेसन सेंटर सह पोस्टल बैलेट मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया और प्रतिनियुक्त अधिकारी व कर्मी को जरूरी हिदायत दी। ज्ञात हो कि जिला के कुल पांच सेंटर पर कुल 13 हजार 805 पीओ, पी-वन, पी-टू, पी-थ्री और माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण मंगलवार तक आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला स्कुल के 13 कमरों में मुख्य मास्टर प्रशिक्षक रामाधार कुमार व डॉ विनय प्रताप सिंह, बी सेमिनार के 10 कमरों में विनय तिवारी व सुशील कुमार, सारण एकेडमी के आठ कमरों में अजित कुमार सिंह व शुभनारायण ओझा, ब्राह्मण स्कुल के 10 कमरों में राजीव कुमार चौधरी व श्याम सुंदर उपाध्याय तथा राजपूत स्कुल के 13 कमरों में विजय विज्येंद्र व मंटु कुमार के नेतृत्व में कुल 106 मास्टर ट्रेनर मुस्तैदी से प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को केंद्र प्रभारी बनाने के साथ ही इवीएम पहुंचाने और प्राप्त करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। शनिवार को कुल 1464 मतगणना सहायक, सुपरवाइजर और प्रेक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है।

## तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों की सहायता के लिए हुआ सेमिनार



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा बिहार विधिक सेवा प्राधिकार पटना के तत्वाधान में जिला विधिक जागरूकता समिति सारण द्वारा गड़खा के सामुदायिक भवन में तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के सहायता के लिए दी जाने वाली सरकारी योजना के संबंध में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिला विधिक प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता दुर्गेश प्रकाश बिहारी और पारा विधिक सेवक उमेश कुमार राय ने जानकारी दिया।सेमिनार में गरखा पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी राकेश चौधरी उमेश कुमार राय विजय राय कन्हैया राम चंदन कुमार राजन कुमार रामेश्वर प्रसाद सहित दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे। पैनल अधिवक्ता ने तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए जो योजना सरकार द्वारा 2015 में बनाई गई है। उसको विस्तार से समझाया उन योजनाओं में विधिक सेवा प्राधिकार के उपयोग के बारे में भी बताया। तस्करी और यौन शोषण के पीड़ितों की सहायता ,बचाव तथा उसके उनके केस की सुनवाई में कानूनी सहायता उपलब्ध कराना तथा धारा 357 ए सीआरपीसी के तहत पीड़ितों को मुआवजा दिलवाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सहायता और यौन शोषण और तस्करी के पीड़ित के पुनर्वास के लिए उपलब्ध मौजूद सुविधाओं की जानकारी दी गई और सामाजिक लेखा परीक्षकों के रूप में निगरानी के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दिया गया।

## लायंस क्लब छपरा सारण की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, डा. अनिल कुमार बने अध्यक्ष




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय- अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण की नई कार्यकारिणी का गठन सत्र 24-25 हेतु शनिवार संध्या दावत रेस्टोरेंट में आयोजित नियमित बैठक में किया गया, जिसका कार्यकाल 01 जुलाई 2024 से शुरू होगा। क्लब के सदस्यों की सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष के रूप में संजीवनी नर्सिंग होम के संचालक लायन डा अनिल कुमार को चुना गया वहीं लायन शैलेंद्र सिंह को सचिव तो लायन वी एन गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं पुनः लायन साकेत श्रीवास्तव को पी आर ओ की जिम्मेवारी दी गई। उपाध्यक्ष प्रथम के रूप में लायन संजय आर्या, द्वितीय लायन आनंद अग्रहरी, तृतीय लायन अमर कुमार एवं चतुर्थ लायन दिलीप चौरसिया को चुना गया। नवचयनित अध्यक्ष लायन डा अनिल कुमार ने बताया कि लायंस क्लब छपरा सारण हमेशा से सदस्यों के सहयोग से समाज कल्याण हेतु एक से बढ़कर एक कार्य करते आ रहा है और मैं वर्तमान में उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हूं एवं नए सत्र के लिए अध्यक्ष के रूप में टीम का नेतृत्व करने को तैयार हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी क्लब के द्वारा सभी प्रकार के सेवा कार्य जरूरतमंदों के कल्याण हेतु की जाएगी। वहीं लायंस क्लब के पूर्व जिलापाल डॉ एस के पांडे ने नए अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि डा अनिल क्लब के सक्रिय सदस्य रहें हैं हमेशा से अपने क्लिनिक संजीवनी नर्सिंग होम के माध्यम से भी सेवा कार्य के लिए छपरा शहर के लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन रणधीर जायसवाल, सचिव मनीष सिन्हा, कोषाध्यक्ष वासुदेव गुप्ता, लायन डा यू के पाठक, रीजन चेयरपर्सन प्रमोद मिश्रा, जोन चेयरपर्सन प्रहलाद सोनी, मनोज कुमार वर्मा संकल्प, नवीन कुमार, श्याम नारायण प्रसाद, गणेश पाठक, नारायण पांडे, डा रविभूषण, डा ओ पी गुप्ता, डा मकेश्वर चौधरी, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, बृजेंद्र किशोर, विक्की आनंद, आदि सदस्य मौजूद थें, जिन्होंने नई टीम को बधाई दी ।उक्त जानकारी पी आर ओ लायन साकेत श्रीवास्तव ने दी।

## बज्म-ए-हबीब ने पाँच मातृ शक्ति को जैनब जहाँ सम्मान से सम्मानित किया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बज्म-ए-हबीब (साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था) ने मातृ-दिवस के सुअवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से चयनित पाँच मातृ शक्ति को जैनब जहाँ सम्मान -2024 से सम्मानित किया। मदर्स डे पर जिन पाँच मातृ शक्ति को सम्मानित किया गया है उनके नाम हैं - हामी खान (अलीराजपुर , मध्य प्रदेश ) , आराधना प्रसाद (पटना , बिहार) , शाइरा जीनत अहसन (मुम्बई , महाराष्ट्र) , रजनी पंडा (भुवनेश्वर , ओड़िशा) एवं कुमुद साहा (हल्दिया , प. बंगाल) आदि। बज्म-ए-हबीब (साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था) के संस्थापक - सचिव सह मशहूर-ओ-मारूफ शाइर व अदीब डॉ. ऐनुल बरौलवी ने बताया कि संस्था की चयन समिति द्वारा देश भर के विभिन्न राज्यों से पाँच मातृ शक्तियों का चयन किया गया था।

जिन्हें आज मदर्स डे के सुअवसर पर बज्म-ए-हबीब (साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था) की चयन समिति द्वारा जैनब जहाँ सम्मान - 2024 ऑनलाइन सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया है। ये सभी मातृ शक्तियाँ अपने अपने राज्यों की सर्वश्रेष्ठ माँ हैं। इन सभी मातृ शक्तियों को बज्म-ए-हबीब (साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था) की अध्यक्षा शाफि या हसन ह्यशाफी , कार्यकारी अध्यक्ष ई. नोमान अहमद अंसारी , उपाध्यक्षा रज़िया खातून रज़िया एवं कोषाध्यक्ष शाहिद हसन ने दिली मुबारकबाद पेश किया है। संस्था के संस्थापक - सचिव शाइर व अदीब डॉ ऐनुल बरौलवी ने सम्मानित सभी मातृ शक्तियों को मदर्स डे की शुभकामनाएँ देते हुए बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## वीटीआर जंगल से भटकी हिरण इनरवा पहुंची, बजरंग दल ने पकड़ वन विभाग को सौंपा




प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया. वीटीआर जंगल से भटकते-भटकते एक हिरण ने इंडो-नेपाल बॉडर के इनरवा पहुंच गयी. कुत्तों की झुंड ने हिरण को देख हमला बोल दिया. ये देख इनरवा के ग्रामीणों ने हिरण को कुत्ते की झुंड से बचाया. वही मौजूद बजरंग दल के राजकिशोर गिरी को देख रेख में दे दिया गया. घायल हिरण को गायत्री मंदिर में सुरक्षित रखा गया और वन विभाग को सूचित की गई. इधर मंगूरहा वन रेंजर सुनील पाठक ने बताया की सूचनार्थ पर वन रक्षी को भेज दिया गया है. उन्होंने बताया की हिरण मादा है. कुत्तों की झुंड ने काट कर हिरण को घायल कर दिया है. उसे इलाज कर जंगल में छोड़ दिया जायेगा. इधर बजरंग दल के रामबली महतो, राजकुमार यादव, सुमित कुमार राठौड़, किशोर कुमार, शुभनारायण गिरी, झुन्नू कुमार आदि लोगों वनरक्षी दिलीप कुमार को सौंपा और कहा कि गर्मी के दिनों में जानवर इधर-उधर भटक जाता है. इसपर आपलोग ध्यान रखें.

## एक नाली बंदूक, एक जिन्दा कारतूस के साथ दो लोग गिरफ़्तार



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया.मोहन सिंह).बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नौरंगिया थाना की पुलिस ने एक देशी एक नाली बंदूक, एक जिन्दा कारतूस के साथ दो लोग को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीटीआर क्षेत्र के नौरंगिया जंगल से उन्हें गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि नौरंगिया जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए छुपे हुए थें.नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार के अनुसार शनिवार की शाम गुप्त सुचना मिली कि कुछ अपराधी नौरंगिया जंगल के राजगढ़ी से 500 मीटर भीतर जंगल में एक के पेड़ के नीचे छुपे हुए हैं . इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पु.स .अ.नि. धमेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान अपराधिक घटना के फिराक में लगे दो लोगों को एक देसी बंदुक व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। नौरंगिया थाना अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में थाना क्षेत्र के नौरंगिया वार्ड 15 निवासी ठगई बीन( 40 वर्ष) व मंशी बीन(55))वर्ष शामिल है।

## मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर ब्रह्माकुमारी आश्रम में कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। स्थानीय शहर स्थित ब्रह्माकुमारी, ओम शांति आश्रम, वार्ड नं 22, नागा रोड के प्रांगण में बड़े ही हर्षो उल्हास से कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संचालिका ज्ञानू दीदी के द्वारा किया गया। जिसमें सभी को मातृ स्नेह और वात्सल्य की शक्ति का एहसास कराते हुए ज्ञानू बहन के साथ सभी ने मां के महत्व को जाना। जिसमे ज्ञानू बहन ने कहा कि मां सिर्फ ढाई अक्षर का एक शब्द नही, इसमें सागर जितनी गहराई ,आसमान जितनी ऊंचाई है। मां त्याग की प्रतिमूर्ति व स्नेह की ठंडी छाव है, तो पालना की उत्कृष्ट प्रतीक भी है तभी तो श्रीकृष्ण देवकी नंदन और हनुमान अंजनी पुत्र कहलाए। फिर दीदी जी ने मां के विराट स्वरूप के दर्शन कराते हुए कहा कि हमारी मां ही है जो निस्वार्थ प्रेम से हमारी रक्षा व पालना करती है और बदले में सिर्फ अपने संतान का मंगल और खुशी मांगती है तथा प्रकृति भी हमारी मां है, जो अन्न, जल से हमे सींचती है, रहने को स्थान देती है, जीने को श्वास देती है। माताओं के बिना तो दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। फिर साइमन सर ने भावुक भरे शब्दों से मां कि एहमियत को समझाते हुए कहा की आज के जमाने में जिसकी मां है वो उनका ज्यादातर निरादर करते है और जिनकी मां नही है वो देखने को भी तरस जाते है, आशू भी निकल जाते है, इसीलिए समय रहते मां का हाथ साथ पकड़े रखे, जिसने खुद कष्ट सह कर हमे जीवन दान दिया है उसको कभी निरादर न करे। फिर डॉ. प्रेमसागर जी ने सभी को ये कहा कि सिर्फ एक दिन मातृ दिवस नही,बल्कि हर दिन होना चाहिए और सभी माताओं को हमसे हमेशा खुशी और स्नेह ही मिले। इसी के साथ सभी ने स्नेह के पुष्पों से कार्यक्रम मनाया और मां के गुणों को याद किया।

## एक महीने से नल जल योजना खराब आक्रोशित ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर। अमनौर प्रखंड के रायपुर पंचायत अंतर्गत सारी बॉक्स वार्ड नंबर 14 में पिछले एक महीने से अधिक समय से नल जल योजना की मोटर खराब हो गई है जिसके कारण इस विषम गर्मी में लोगों को पानी नहीं मिल रही है इससे नाराज आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया मुनेश्वर राय उर्फ करेजा जी प्रेम कुमार विधान कुमार पिंटू राय सोनू कुमार दिलखुश कुमार झाजू राय अमर राय प्रियांशु कुमार साहित्य अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुखिया और वार्ड सदस्य किला प्रवाही के कारण इस सभी सम गर्मी में पिछले एक महीने से नल जल की पानी से ग्रामीण वंचित है इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है पीएचडी विभाग में शिकायत करने के बाद भी अब तक नल जल का पानी शुरू नहीं किया गया अगर नल जल की पानी जल्द से जल्द शुरू नहीं की जाएगी तो हम सभी ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करते हुए चरणबाद तरीके से आंदोलन करने को वादे होंगे इस संबंध में वार्ड सदस्य श्री लाल शाह से पूछी गई तो उन्होंने बतायाकी कंपनी द्वारा मोटर को बनाने के लिए ले जाया गया है परंतु अभी तक बना नहीं है वहीं मुखिया प्रतिनिधि मदन सिंह के पास फोन करने पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## अंडर पास टनल में पानी भर जाने से पांच पंचायत के आवागमन हुआ ठप



प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली,पू.चः प्रखंड के जनता चौक से माली जाने वाली पथ में आवागमन बाधित हो गया है ।जानकारी के अनुसार सुगौली रक्सौल रेलखंड पर शीतलपुर ढाला पर बना अंडर पास टनल में जल जमाव हो गया है। जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है ।रेलवे लाइन के दोनों तरफ गढ़ा खोद दिया गया है ।जिसके चलते आम लोग पैदल भी नही जा पा रहे है। इस मार्ग शीतलपुर, माली, करमवा, डुमरी, मुसवा, भेड़िहारी, रौशनपुर सपहा, रघुनाथपुर सहित करीब दो दर्जन से अधिक गांव के लोगो को आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। जबकि पांच पंचायत के लोगो के आने जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है ।इसी मार्ग से होकर लोग प्रखंड मुख्यालय जाते है। शीतलपुर में रेलवे फाटक नही होने के चलते कई बार घटनाएं हुई। जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई। इसको लेकर स्थानीय लोगो ने कई बार धरना प्रदर्शन किए। जिसके बाद अंडर पास का निर्माण किया गया।अंडर पास से जल निकासी के लिए कोई भी व्यवस्था नही की गई। जिसके चलते लोगो को आने जाने का मार्ग बंद सा हो गया है। गौरतलब हो कि शीतलपुर के पास फरवरी 2019 मे रेल अंडर पास बनना शुरू हुआ था। स्थानीय स्टेशन से करीब चार किलोमीटर पर बनने वाली इस अंदर गामी सड़क पुल शिलान्यास बिहार सरकार के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव ने किया था। उस समय क्षेत्र के सांसद डॉ संजय जायसवाल और सुगौली विधायक रामचन्द्र सहनी के साथ सेंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। तब लोगों को बड़ी आत्म संतुष्टि मिली थी कि इस शीतलपुर ढाला पर अंडर ब्रिज बन जाने से पैदल,बाइक सवार और छोटे बड़े वाहन रेल लाइन पार करने के क्रम में दुर्घटना के शिकार नहीं होगे। उनकी जान नहीं जाएगी। लेकिन समस्या जश का तश ही रह गया। अंदर पास तो बन गया पर पर बरसात के समय अंडर पास टनल के अंदर पानी का सैलाब जाता है जिससे गाड़ी तो क्या आम आदमी भी इस टनल से पर नही कर सकता। वही टनल से अब आना-जाना लोगों के लिए बना परेशानियों का शबब बना हुआ है।

## नेपाल से लेकर आ रहा 4 लाख 80 हजार का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया.इंडो-नेपाल बॉडर से लाखों रुपये के गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. पचरौता एसएसबी व मानपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से मिली सफलता। थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया की शनिवार को सूचना मिली की नेपाल से गांजा की खेप आने वाली है. त्वरित पचरौता एसएसबी को सूचित की गई। संयुक्त कार्यवाही करते हुए देखा गया की पिलर संख्या 430/2 के पास सरेही रास्ता बाइक से एक व्यक्ति नेपाल से भारत आ रहा था। जैसे ही भारत में प्रवेश किया आम बागान के पास बाइक चालक को रूकने का इशारा किया गया। पुलिस को देख चालक बाइक घुमा कर भागने लगा. जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया और तलाशी शुरू कर दी. तलाशी के दौरान बाइक पर बांध कर रखे 12 किलो गांजा बरामद किया गया।

मादक पदार्थ देख पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया. कारोबारी भंगहा थाना क्षेत्र के थूकहा निवासी सुरेश साह के 20 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार के रूप में पहचान की गई. जब्त की गई गांजा की अंतरराष्ट्रीय कीमत 4 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है. थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया को कांड संख्या 30/24 एनडीपीसी एक्ट के तहत तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

## घर के लड़का बानी,आशीर्वाद दीं, चुनाव जीत के घर के सवांग बनकर सेवा करेम : मदन मोहन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। महागठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी का रक्सौल में चुनाव प्रचार व जन संपर्क के दौरान कार्यकताओं व स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। रक्सौल में ढोल नगाड़े और सिंघा को बजाकर लोगों ने इनका भरपूर स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे भी लगाए ।इस दौरान प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी ने लोगों से गांव की भाषा में महिला व पुरुषों से संपर्क बनाया और कहा कि इस क्षेत्र को पिता पुत्र ने 30 वर्षों से गिरवी की तरह रखा। विकास की बात तो दूर चुनाव जितने के बाद लोगों से वे मिलने तक नहीं आए ।इन्होंने वृद्ध महिलाओं से भोजपुरी में कहा कि घर के लड़का बानी,आशीर्वाद दीं लगीन ।चुनाव जीत के घर के सवांग बनकर सेवा करेम ।घर के लड़का बानी,आशीर्वाद दीं लगीन ।चुनाव जीत के घर के सवांग बनकर सेवा करेम। इस दौरान पत्रकारों से इन्होंने कहा कि चुनाव हारने की आशंका पर वे लोग अलबला कर कुछ का कुछ बोल रहे हैं। अब पंडितों को गाली देने लगे हैं और पंडितों को सनातन की परिभाषा बता रहे हैं ।इन्होंने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में ही पंडितों को सम्मान मिला हुआ है। उनको सनातन की परिभाषा कौन समझा सकता है ।यह बात इन्होंने एनडीए प्रत्याशी डॉक्टर संजय जायसवाल के द्वारा उनके ऊपर पहले की जा चुकी टिप्पणी के जवाब में कहीं और आम लोगों से इन्होंनेआह्वान किया कि इस बार का मतदान महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और लालफिताशाही के विरुद्ध है। पश्चिम चंपारण की जनता पिता पुत्र के 30 वर्षों के कुशासन से त्रस्त हो चुकी है। इस बार इनका इस क्षेत्र में दाल गलने वाला नहीं है। इसलिए बेचैनी में कुछ का कुछ बक रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## चेन्नई ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया

- गायकवाड ने नाबाद 42 रन बनाए, सिमरजीत ने 3 विकेट लिए



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने मौजूदा सीजन के 61वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। दिन के पहले मैच में एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए और चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया। जवाब में चेन्नई ने 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए

राजस्थान ने चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए। टीम के लिए रियान पराग ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और जोस बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके।



## पाकिस्तान को पस्त कर जापान ने जीता अजलान शाह कप

**इपोह (मलेशिया) (एजेंसी)।** जापान ने पेनल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को 4–1 से हराकर सुल्तान अजलान शाह हॉकी कप जीत लिया है। शनिवार को खेले गए फाइनल में निर्धारित समय तक दोनो टीमें दो दो गोल कर बराबरी पर रही जिसके बाद निर्णय शूटआउट में किया गया। जापान ने रयोमा ओका ने शूटआउट में बढ़त बना ली, जबकि उनके साथियों ने लय को बरकरार रखते हुये अन्य तीन गोल किए। इस बीच, पाकिस्तान पहले दो मौकों में चूक गया जबकि अम्माद बट ने तीसरे प्रयास में गेंद को नेट में डाल दिया। इससे पहले, तीसरे क्वार्टर में पाकिस्तान के दो गोल करने के बाद जापान ने वापसी करते हुए स्कोर 2–2 से बराबर कर लिया। काज़ुमासा मात्सुमोतो ने 47वें मिनट में दूसरा गोल किया। तीसरे क्वार्टर के 34वें मिनट में अजाज अहमद ने और 37वें मिनट में अब्दुल रहमान ने गोल किया। इससे पहले सेरेन तनाका ने 12वें मिनट में जापान के लिए पहला गोल किया और बढ़त हासिल की। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने 13 साल में पहली बार फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सुल्तान अजलान शाह कप 2024 में शुक्रवार को राउंड मैचों का समापन हुआ था, जिसमें जापान और पाकिस्तान अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों के रूप में रहे। जापान 13 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। उसने 4 मैच जीते और केवल एक ड्रा खेला जबकि पाकिस्तान 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



## आप रोहित या सूर्यकुमार होंगे, लेकिन..., मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों पर बसरे सहवाग

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि अच्छी स्पिन गेंदों का सम्मान करने में कोई शर्म की बात नहीं है ताकि आप कमजोर गेंदों का सामना करने के लिए जीवित रह सकें। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि बल्लेबाजों को बल्लेबाजी के लिए आने से पहले अहंकार को पीछे छोड़ देना चाहिए। सहवाग की यह टिप्पणी शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मुंबई इंडियंस की हार पर आई है।

भारतीय क्रिकेट में नस्लभेद!

# वर्ल्ड चैंपियन का खुलासा, जिंदगी भर मुझे 'मद्रासी' कहकर चिढ़ाया गया



**मुंबई (एजेंसी)।** 2007 टी-20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस. श्रीसंत ने एक बड़ा खुलासा किया है। केरल में पैदा हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि उन्हें पूरे जीवन भर मद्रासी कहकर चिढ़ाया गया। गौरतलब है कि मद्रासी मुख्य रूप से तमिलनाडु के मूल निवासियों को कहा जाता है, लेकिन उत्तर भारत में समूचे साउथ इंडियन लोगों के लिए इसे एक गाली की तरह इस्तेमाल किया जाता है।

अक्टूबर, 2005 में नागपुर में श्रीलंका के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत करने वाले श्रीसंत ने श्रीसंत ने 'द रणवीर शो' में कहा, 'मैं इसे तब से सुन रहा हूं जब मैं अंडर-13 से अंडर-14, अंडर-16 से अंडर-खेल रहा था। तब हमारे पास कोच्चि (टस्कर्स केरल) टीम थी और यह देश के लिए फिर से खेलने जैसा था। उसी शो में श्रीसंत ने खुलासा किया कि अब खत्म हो चुकी कोच्चि टस्कर्स केरल टीम ने अभी तक उनकी सैलरी नहीं दी है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आईपीएल के 2011 एडिशन में आईपीएल का हिस्सा थी, लेकिन बाद में टीम को खत्म कर दिया। भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलते हुए 169 विकेट हासिल करने वाले श्रीसंत ने कहा, उन्हें बहुत सारा पैसा देना होगा। उन्होंने अभी तक नहीं दिया है। आपको मुरलीधरन सर (मुथैया मुरलीधरन) को लेना चाहिए, आपको महेला (महेला जयवर्धने) को लेना चाहिए और आपके वो शो में बताएंगे। मैकुलम भी वहां थे और जडेजा भी। श्रीसंत ने हंसते हुए आगे कहा, जब भी आप भुगतान करे तो हर साल 18 प्रतिशत ब्याज याद रखें। मुझे लगता है कि जब तक मेरे बच्चे की शादी होगी, तब तक हमें पैसा जरूर मिल जाएगा। टीम तीन साल के लिए बननी थी, लेकिन पहले ही साल में ही खत्म कर दी गई। अब भी जब खिलाड़ी मिलते हैं तो कोई भी इंटरनेशनल क्रिकेट के बारे में बात नहीं करता, हम इसी बारे में बात करते हैं।

हार्दिक-रोहित सब बेकार!

## पूर्व क्रिकेटर सहवाग ने बताया कौन होगा अब मुंबई इंडियंस का भविष्य, फिर बदलेगा कप्तान



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने बताया कि आईपीएल 2025 के लिए रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या को टीम से बाहर कर देना चाहिए। सहवाग का मानना है कि अगले सीजन के लिए सिर्फ सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह की ही टीम में जगह बनती है। ईशान को भी बाहर करने की सलाह दी है।

मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन बहुत ही खराब रहा है। इस सीजन में मुंबई की कप्तानी हार्दिक पंड्या के पास थी लेकिन टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई। ऐसे में यह माना जा रहा है कि टीम का ये हाल हार्दिक पंड्या की खराब कप्तानी के कारण हुआ है। ऐसे में अब पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2025 के मेगा नीलामी के लिए एक दिलचस्प सलाह दी है। सहवाग ने कहा कि सिर्फ जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव को ही अगले सीजन के लिए रिटेन करना चाहिए। बाकि हार्दिक और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों से दूरी बनाना फ्रेंचाइजी के लिए बेहतर रहेगा।

वीरेंद्र सहवाग ने कहा, टीम में बड़े नामों का होना ही सब कुछ नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन भी जरूरी है। इस सीजन में रोहित शर्मा ने सिर्फ एक शतक बनाया वो भी हारने वाले मैच में। वहीं ईशान किशन पूरे सीजन में पावरप्ले के बाद रन नहीं बना पाए। जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव के अलावा बाकी खिलाड़ियों के बारे में फैसला बाद में लिया जा सकता है।

### रोहित खुद ही छोड़ सकते हैं मुंबई इंडियंस!

हालांकि, पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी की सहवाग से कुछ सोच है। उनका मानना है कि रोहित शर्मा खुद भी नहीं चाहते हैं कि वह मुंबई इंडियंस के लिए अगले सीजन में खेलें। हाल ही में रोहित शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था, जिससे पता चलता है कि रोहित अब मुंबई इंडियंस में नहीं रहना चाहते हैं। इस वीडियो में रोहित शर्मा को केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ बातचीत करते हुए सुना जा सकता है। वीडियो में रोहित कहते हैं कि, चीजें बदल रही हैं और ये मेरा आखिरी है जैसी बातें कहते हुए सुनाई दे रहे हैं। हालांकि उनके बातचीत का पूरा संदर्भ स्पष्ट नहीं था, लेकिन फैंस का मानना है कि दोनों मुंबई इंडियंस की मौजूदा स्थिति, खासकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाए जाने के बारे में बात कर रहे थे।

## केएम दीक्षा ने 1500 मीटर दौड़ में बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड

### मेंस 5000 मीटर रेस में दूसरे स्थान पर रहे अविनाश साबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की ट्रैक एथलीट केएम दीक्षा ने लॉस एंजेलिस में साउंड रनिंग ट्रैक फेस्टिवल में महिलाओं की 1500 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 25 वर्षीय भारतीय ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्पर्धा में 4ः04.78 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने वारंगल में 2021 राष्ट्रीय ओपन




एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरमिलन बैंस द्वारा निर्धारित 4ः05.39 के पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के अनुसार दीक्षा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड सत्यापन के अधीन है।

दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4ः06.07 था, जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल किया था, जहां उन्होंने बैंस को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

अमरोहा, उत्तर प्रदेश की रहने वाली दीक्षा पिछले पांच सालों से कोच एस के प्रसाद के मार्गदर्शन में एमपी एथलेटिक्स अकादमी का हिस्सा हैं। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में पारुल चौधरी 15ः10.69 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। पारुल अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को सुधारने से कुछ ही सेकेंड दूर रह गईं, वहीं उनकी हमवतन अंकिता 15ः28.88 के समय के साथ 10वें स्थान पर रहीं।

### अविनाश साबले ने हासिल किया दूसरा स्थान

लॉस एंजेलिस में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में, स्टार डिस्टेंस धावक अविनाश साबले अपने राष्ट्रीय 5,000 मीटर ट्रैक रिकॉर्ड में सुधार करने से चूक गए और 13ः20.37 का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि गुलवीर सिंह ने 13ः31.95 का समय लिया। महिलाओं की 5000 मीटर में पारुल चौधरी अपना राष्ट्रीय स्तर सुधारने से मामूली अंतर से चूक गईं। वह 15ः10.69 (राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 0.34 सेकेंड पीछे) का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहीं। उनकी हमवतन अंकिता ने 15ः28.88 का समय निकालकर 10वां स्थान हासिल किया।

# टी 20-वर्ल्ड कप से पहले जिंबाब्वे ने बांग्लादेश को हराया

### बांग्ला टाइगर्स को लगी शाकिब-अल-हसन की काली जुबां

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक शाकिब-अल-हसन ने कहा था कि उनकी टीम वर्ल्ड कप के लिए अभी तैयार नहीं है और टॉप टीम के खिलाफ लड़खड़ा सकती है। अब हफ्ते भर के भीतर ही जिम्बाब्वे को बांग्लादेश ने हरा दिया। जिम्बाब्वे ने पांचवें और आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करके बांग्लादेश को पांच मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप नहीं करने दिया। कप्तान सिकंदर रजा और ब्रायन बेनेट की शानदार पारियों की मदद से जिंबाब्वे ने रविवार को बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जिंबाब्वे ने 18.3 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। बांग्लादेश ने इस तरह से यह सीरीज 4-1 से अपने नाम की।

जिंबाब्वे की पारी का आकर्षण कप्तान रजा और बेनेट के अर्धशतक रहे। रजा ने 46 गेंद पर नाबाद 72




रन बनाए जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल हैं। बेनेट ने 49 गेंद पर पांच चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 70 रन बनाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की जिससे जिंबाब्वे नौ गेंद शेष रहते ही जीत हासिल करने में सफल रहा। इससे पहले बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे।

# प्लेऑफ में पहुंचने के बाद नितीश राणा ने खोला राज, बताया केकेआर के जीत का मंत्र

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान नितीश राणा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में उनकी टीम को मिली सफलता की कुंजी उतार-चढ़ाव के दौर में एक दूसरे का समर्थन करना है जैसा कि वह पिछले दो वर्षों में नहीं कर पा रहे थे। दो बार के चैंपियन केकेआर ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। वह नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली पहली टीम है।

यह 2021 के बाद पहला अवसर है जबकि केकेआर की टीम प्लेऑफ में पहुंची है। राणा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम एक साथ जीतते हैं और एक साथ हारते हैं। हमारे ड्रेसिंग रूम में इसी तरह का माहौल है। एक दूसरे का समर्थन करना बेहद महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि पिछले एक या दो वर्षों में टीम में इस चीज की कमी थी। केकेआर को सबसे बड़ा झटका पंजाब किंग्स के खिलाफ लगा था। पंजाब किंग्स ने तब 262 रन का लक्ष्य हासिल करके नया रिकॉर्ड बनाया था। राणा ने कहा, 'उस दिन हमें बहुत बुरा लगा था। मैं उस दिन ड्रेसिंग रूम के माहौल का गवाह रहा हूं। तब केवल तीन या चार खिलाड़ियों ने ही रात का भोजन किया था।

नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में टीम की अगुवाई करने वाले राणा ने उंगली की चोट से उबरने के बाद वापसी की है। वह पिछले 10 मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने 23




गेंद पर 33 रन की पारी खेली। राणा ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो चोटिल होने के कारण मैं 20-22 दिनों तक बल्ला नहीं छू पा रहा था। इसके बाद परिस्थितियां अनुकूल होती गई। मैं अपने दिमाग में पारी खेलता था।

मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। उसके स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि उनकी टीम इस सत्र में लय हासिल करने में नाकाम रही। चावला ने कहा, 'टी20 का खेल लय से जुड़ा होता है और हम शुरू से ही लय हासिल नहीं कर पाए। किसी दिन हमने अच्छी गेंदबाजी की तो हमारे बल्लेबाज नहीं चल पाए और जब हमारे बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया तो गेंदबाजों ने रन लुटा दिए। उन्होंने कहा, 'एक इकाई के तौर पर हम कुछ मैच में नाकाम रहे और एक टीम के रूप में हम इसे स्वीकार करते हैं। हमारी टीम बहुत अच्छी है लेकिन चीजें हमारे अनुकूल नहीं रही।

## मुंबई को हराकर केकेआर ने बनाई प्लेऑफ में जगह

**मुंबई (एजेंसी)।** बारिश से प्रभावित मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस पर 18 रन की शानदार जीत के साथ आईपीएल प्लेऑफ में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। स्पिनर सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती ने शानदार शुरुआत के बाद मुंबई के पतन के सूत्रधार बने कि केकेआर ने बारिश से बाधित 16-ओवर प्रति टीम मैच में कुल 157/7 का बचाव किया।

बारिश के कारण मैच देरी से शुरू होने के बाद वेंकटेश अय्यर की 21 गेंदों में विस्फोटक 42 रन की पारी ने केकेआर को गति प्रदान की। हालांकि मुंबई के अनुशासित गेंदबाजी प्रयास ने केकेआर को मामूली स्कोर तक सीमित कर दिया जिसमें पीयूष चावला के 2/38 ने उनकी गति पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जवाब में मुंबई ने शानदार शुरुआत की, इशान किशन की 22 गेंदों में आक्रामक 40 रनों की बदौलत टीम केवल 6.4 ओवर में 65/0 पर पहुंच गई। लेकिन नरेन की चतुर गेंदबाजी ने मैच को केकेआर के पक्ष में रुख मोड़ दिया। चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल ने भी जीत में योगदान दिया और महत्वपूर्ण विकेट लेकर मुंबई को 16 ओवर की समाप्ति तक 139/8 पर रोक दिया।




इस जीत के साथ केकेआर ने न केवल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की बल्कि 18 अंकों के साथ 10 टीमों की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति भी मजबूत की। यह केकेआर के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जो पिछले सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा था। इस बीच मुंबई सीजन में नौवीं हार के बाद तालिका में नौवें स्थान पर है।

# मुझे लगता है हमने इस सीजन में पर्याप्त अच्छी क्रिकेट नहीं खेली : हार्दिक पांड्या

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के लिए इस सीजन में इज्जत से विदाई संभव होती दिख नहीं रही है। मुंबई पहली ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। उम्मीद थी कि वह आखिरी दो मुकाबले जीतकर अपने फैंस को तोहफा देगी लेकिन ईडन गार्डन के मैदान पर मुंबई की टीम कोलकाता के हाथों 18 रन से हार गई। बारिश प्रभावित मैच में कोलकाता ने पहले खेलते हुए 157 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई की टीम 139 रन ही बना पाई। बहरहाल, मुकाबला गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि हां, आज का मैच हमारे लिए कठिन रहा। एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमने नींव मौजूद रखी लेकिन हम उसके बाद इसका फायदा नहीं उठा सके।

हार्दिक ने कहा कि आज विकेट थोड़ा ऊपर-नीचे था और थोड़ा चिपचिपा था इसलिए गति बहुत महत्वपूर्ण थी। मुझे लगता है कि परिस्थितियों को देखते हुए यह बराबरी का स्कोर था, मुझे लगा कि गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बाउंड्री से वापस आने वाली हर गेंद गीली होकर वापस आती थी। गेंदबाजों ने




सुनिश्चित किया कि वे विकेट लेते रहें। वहीं, आगामी गेम पर हार्दिक ने कहा कि मैं यह कहना चाहूंता कि बस जाओ और जितना हो सके उतना आनंद लो और अच्छा क्रिकेट खेलो, यही शुरू से मेरा आदर्श वाक्य रहा है। मुझे नहीं लगता कि हमने इस सीजन में पर्याप्त अच्छी क्रिकेट खेली है।

**कोलकाता प्लेऑफ में जाने वाली पहली टीम** – मुंबई इंडियंस को ईडन गार्डन में हराने के साथ ही सीजन के प्लेऑफ में जाने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स पहली टीम बन गई है। कोलकाता के अब 12 मैचों में 9 जीत के साथ 18 प्वाइंट हो गए हैं। मुंबई अगर यह मुकाबला जीतती तो कोलकाता को अगले मैच जीतने की जरूरत होती लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। वहीं, मुंबई की यह सीजन में 9वीं हार है। वह 13 मैचों में 8 ही प्वाइंट बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। अंक तालिका में अभी बड़ी टक्कर चौथे स्थान के लिए जारी है। इसके लिए चेन्नई, दिल्ली, लखनऊ में जंग जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगरतला रेलवे स्टेशन पर पुणे जा रहे आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने शनिवार को सात महिलाओं सहित आठ बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया। सभी पुणे जा रहे थे। जीआरपी और आरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन में आठ बांग्लादेशी नागरिकों के साथ एक भारतीय दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कोलकाता जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस में सवार होने वाले थे। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि वे रोजगार की तलाश में कोलकाता से महाराष्ट्र के पुणे जाने वाले थे। राज्य में इसी सप्ताह दो महिलाओं और तीन बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिकों को धलाई जिले में उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वे वापस बांग्लादेश जाने की तैयारी में थे।

### पंजाब 1 जून को विकसित भारत के लिए करेगा वोटः गजेंद्र सिंह शेखावत

**नवांशहर , एजेंसी।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि पंजाब 1 जून को विकसित भारत के लिए वोट करेगा। आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुभाष शर्मा के लिए खरार, बालाचौर और नवांशहर में आज चुनाव प्रचार करते हुए शेखावत ने कहा, आप सरकार की गलत नीतियों और उसके नेताओं की अनुभवहीनता के कारण राज्य का राजस्व नहीं बढ़ रहा है, और सरकार रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्यों के लिए कर्ज लेने के लिए मजबूर है। अब स्थिति इतनी खराब हो गई है कि सरकार को पुराने कर्ज कि किस्त चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस के कारण पंजाब खस्ताहाल हो गया था, अब आम आदमी पार्टी ने स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अकाली दल, कांग्रेस और आप को आजमा चुके हैं। अब भाजपा एकमात्र विकल्प बची है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि पंजाब के लोग उवल भविष्य के लिए राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने का मन बना चुके हैं। भाजपा उम्मीदवार शर्मा ने दावा किया कि आप सरकार के कार्यकाल में उद्योग पंजाब से पलायन कर रहे हैं और राज्य में बेरोजगारी बढ़ गई है।

### ओवैसी ने इजरायल को भारतीय श्रमिकों का निर्यात रोकने की मांग की

**हैदराबाद, एजेंसी।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से इजरायल को भारतीय श्रमिकों का निर्यात बंद करने और जो पहले से वहां फंसे हैं उन्हें वापस लाने की मांग की। हैदराबाद के सांसद ने भारतीयों को इजरायल न जाने की सरकार की एडवाइजरी पर प्रतिक्रिया देते हुए यह मांग की। उन्होंने एक्स पर पूछा, मोदी सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से इजरायल न जाने को कहा गया है। फिर भारत भारतीयों को इजराइल क्यों भेज रहा है? यदि यह सुरक्षित नहीं है, तो भारतीयों को मौत के मुंह में क्यों भेजा जा रहा है? क्या (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी उनकी सुरक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ले रहे हैं? ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख ने कहा कि इज़रायल नरसंहार करने के क्रम में है और उसे गरीब भारतीयों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है।

### जमानत तो केजरीवाल को मिली, मुख्यमंत्री अभी जेल के अंदरः अनिज विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने हैरान करने वाली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शनिवार को कहा कि जो जेल गया था वो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल था, मगर जमानत तो सिर्फ केजरीवाल की हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभी भी अंदर है। विज ने कहा, ऐसा है कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर कर सकते हैं। न ही मुख्यमंत्री कार्यालय जा सकते हैं और न ही सचिवालय जा सकते हैं।

# जिन राज्यों में भाजपा का दबदबा, वहां विपक्ष को अच्छे रिजल्ट की आस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव का चौथा चरण चौखट पर है और विपक्ष भी अब संख्या की बात खुलकर करने लगा है। बहुमत के जादुई आंकड़े से भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को दूर रखने के लिए विपक्ष कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु सहित दक्षिण के अपने गढ़ के अलावा हरियाणा, यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की आस में है। यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि जिन राज्यों में भाजपा ने शत-प्रतिशत प्रदर्शन किया था वहां इस बार विपक्ष सेंधमारी जरूर करेगा।



**विपक्ष के उत्साह से सियासी लड़ाई हुई रोचकः** दावे में कितनी सचाई है यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन विपक्ष का उत्साह बचे हुए चरणों में लड़ाई को और रोचक बना रहा है। पिछले चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो उत्तर भारत में जहां एनडीए दमदार दिख रहा था, वहीं, दक्षिण भारत में इंडिया का किला मजबूत दिख रहा है। हालांकि जानकारों का कहना है कि हर चुनाव का अपना अलग गणित होता है इसलिए इस बार कई उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों में विपक्ष को उम्मीदः** जानकारों का कहना है कि गुजरात 26 सीट, राजस्थान 25 सीट, मध्य प्रदेश 29 सीट, उत्तराखंड 5 सीट, दिल्ली 7 सीट, यूपी 80 सीट, छत्तीसगढ़ 11 सीट, हरियाणा 10 सीट वाले राज्यों में भाजपा का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार हरियाणा , राजस्थान सहित कई राज्यों में विपक्ष को भाजपा का सक्सेस रेट कम और अपना बढ़ता दिख रहा है। इनमें से ज्यादातर जगहों पर चुनाव हो चुका है। दिल्ली और हरियाणा में चुनाव होना बाकी है। यूपी की भी कई सीटों पर मतदान होना बाकी है।

**बहुमत के लिए जरूरी सीटों पर मतदान संपन्नः** पिछले परिणामों के लिहाज से कर्नाटक को छोड़ दें तो दक्षिण में इंडिया गठबंधन मजबूत नजर आ रहा है। तमिलनाडु, केरल से लेकर तेलंगाना में कांग्रेस, डीएमके और वाम दल भाजपा पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। लेकिन बीजेपी को कर्नाटक के साथ तेलंगाना और आंध्र में गठबंधन के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। जबकि तमिलनाडु में भी खाता खोलने का दावा भाजपा द्वारा किया जा रहा है। तेलंगाना और आंध्र में चौथे चरण में चुनाव होना है। बहुमत के लिए जरूरी सीटों पर अब तक चुनाव हो चुका है। इसमें कौन कितना भारी पड़ेगा यह कहना मुश्किल है लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि अब तक जो भी फीडबैक मिला है उससे साफ है कि कोई भी पक्ष आश्वस्त नहीं है।

# राम भक्तों पर गोली चलाते हैं और माफिया के मरने पर मातम मानते हैं - योगी का सपा-राजद पर तंज

**बेगूसराय , एजेंसी।**
उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के बेगूसराय में कहा कि जो रामद्रोही है उनका पाकिस्तान प्रेम जग रहा है। योगी आदित्यनाथ बेगूसराय में भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद का गठबंधन भारत विभाजन की नींव तैयार कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि धार्मिक आधार पर हिंदुस्तान में आरक्षण नहीं हो सकता है।

चौथे चरण के चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन योगी आदित्यनाथ आज बेगूसराय के फर्टिलाइजर मैदान में विपक्षी पार्टियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, राम भक्त और रामद्रोही के बीच चुनाव जा चुका है, जो राम भक्त हैं वो आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चल रहे हैं, सबका साथ सबके विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, जो रामद्रोही है उनका पाकिस्तान प्रेम जाग रहा है। राम भक्तों पर गोली चलाते हैं और माफिया के मरने पर मातम मानते हैं। राम भक्तों पर गोली चलाने वाले रामद्रोही सत्ता में जाएंगे क्या उन्हें जाने का अधिकार होना चाहिए क्या इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा, बिहार में लालू जी के नेतृत्व में कांग्रेस और लालू जी के राज्य में बिहार में अराजकता चरम पर पहुंची थी, नक्सलवाद और आतंकवाद चरम पर था, गुंडागर्दी चरम पर थी।



उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद का गठबंधन भारत विभाजन की नींव तैयार कर रहा है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में ओबीसी, एससी-एसटी के आरक्षण में सेंध लगाने की तैयारी कर रहा है और यह छूट इन्हें कतई मत देना क्योंकि बाबासाहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि धार्मिक आधार पर हिंदुस्तान में आरक्षण नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है अगर वह सत्ता में आएगी तो अल्पसंख्यकों की रुचि के अनुसार उन्हें खान-पान की स्वतंत्रता देगी। उन्होंने कहा कि क्या गौ मांस खाने और काटने की अनुमति देनी चाहिए क्या। कांग्रेस और राजद की मंशा स्वीकार नहीं होगी।

## भजनलाल सरकार ने पेयजल उपभोक्ताओं को दी राहत

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में भजनलाल सरकार की ओर से लाखों पेयजल उपभोक्ताओं बड़ी राहत दी जा रही है। उपभोक्ताओ को 31 मार्च 2023 तक बकाया बिल पर यह राहत दी जा रही है। यदि उपभोक्ता 31 मार्च 2023 तक बकाया राशि आगामी 31 मई तक एक साथ जमा कराते हैं तो उन्हें ब्याज और जुर्माना राशि में 100 फीसदी छूट मिलेगी। एमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया जल प्रभार शुल्क के बकाया राशि पर ब्याज एवं जुर्माने में आगामी 31 मई तक एक मुश्त जमा कराए जाने पर शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है।

जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने शनिवार को बताया कि कई वर्षों से पानी का बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत निश्चित तौर पर आर्थिक रूप से संबल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी स्कीम का लाभ लेने पर उपभोक्ताओं को ब्याज एवं पेनल्टी में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। ब्याज एवं जुर्माने में यह छूट समस्त श्रेणी के पेयजल उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति पर ही लागू होगा. बकाया राशि एक मुश्त जमा करने पर ही इसका लाभ मिलेगा।

पेयजल उपभोक्ता पानी का बिल का भुगतान समय पर नहीं करते हैं। मूलभूत सुविधाओं में शामिल होने के कारण विभाग भी इसे लेकर सख्ती नहीं करता है। इसके कारण उपभोक्ताओं का बिल सालों तक जमा नहीं हो पाता। जब बिल की राशि बढ़ जाती है तो उपभोक्ता एक साथ जमा भी नहीं करा पाता। इसीलिए पेयजल उपभोक्ताओं को बिल की राशि एक साथ जमा कराने पर जुर्माना और ब्याज पर शत प्रतिशत छूट दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को राहत तो मिलेगी ही साथ ही विभाग को भी सालों से रुका हुआ राजस्व प्राप्त होगा।

# मां को थप्पड़ मारने पर ली थी प्रेमिका की जान, जीबीयू हत्याकांड का पर्दाफाश; मां-बेटा गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा में जीबीयू के हॉस्टल की छत पर पानी के टैंक में मिले अज्ञात महिला के शव की पहचान कर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। मृतका पूनम द्वारा अपने प्रेमी कपिल की मां सुमित्रा को थप्पड़ मारने पर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस का दावा है कि आरोपी मां-बेटे ने हत्या के बाद शव को पानी के टैंक में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी प्रेमी कपिल और उसकी मां सुमित्रा को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि 5 मई की शाम जीबीयू कैंपस के एम हॉस्टल की तीसरी मंजिल पर बने पानी के टैंक में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला था कि महिला जीबीयू में काम करने वाले अटेंडेंट कपिल की पत्नी कौशल थी। आरोपी कपिल हॉस्टल के क्वार्टर में अपनी मां और पत्नी के साथ रह रहा था। इसके बाद महिला के शव की पहचान करवाई गई तो परिजनों ने शिनाख्त करने से इनकार कर दिया था। बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी कौशल की शादी कपिल के साथ की थी, लेकिन वर्ष 2015 में कपिल उनकी बेटी कौशल को छोड़कर किसी गैर महिला के साथ रह रहा था। पुलिस ने काफी छानबीन के बाद आरोपी कपिल और उसकी मां सुमित्रा को धर दबोचा।




पुलिस पूछताछ में कपिल ने बताया कि टैंक में जिस महिला का शव मिला था, वह उसकी प्रेमिका पूनम थी। पूनम बलिया की रहने वाली थी। कपिल अपनी प्रेमिका पूनम और मां सुमित्रा के साथ हॉस्टल में रह रहा था, लेकिन उसका अक्सर पूनम से झगड़ा होता रहता था। कपिल ने पुलिस को बताया कि 5 मई को भी उसका पूनम के साथ झगड़ा हुआ था। इस दौरान कपिल की मां ने पूनम को कुछ बोल दिया था। इसी बात को लेकर गुस्से में आई पूनम ने सुमित्रा को बुढ़िया कहते हुए थप्पड़ मार दिया था। यह बात कपिल को नागवार गुजरी और उसने अपनी मां सुमित्रा के साथ मिलकर पूनम को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और फिर गला दबाकर और सिर पटक-पटक कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद मां-बेटे ने शव को ठिकाने लगाने के लिए तीसरी मंजिल की छत पर पानी के टैंक में जाकर फेंक दिया था। इसके बाद घर का ताला लगाकर दोनों फरार हो गए थे। ईकोटेक वन कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि आरोपी कपिल की शादी कासगंज की रहने वाली कौशल के साथ हुई थी। पुलिस पूछताछ में कपिल ने बताया की शादी के कुछ दिनों बाद उसकी जिंदगी में पूनम आ गई। कपिल ने बताया कि ग्रेटर नोएडा की एकांकी एंक्लेव सोसाइटी में उसके भाई रहते हैं। इसी सोसाइटी में उसकी भाभी घरेलू सहायिका का काम करती है। भाभी के साथ पूनम भी सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती थी। कपिल का भाई के घर आना-जाना था। इसी बीच उसकी मुलाकात पूनम से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि कपिल ने पूनम के साथ शादी करने के लिए अपनी पत्नी कौशल को छोड़ दिया।

# निम्न जन्म दर को आपात काल घोषित किया

**सियोल , एजेंसी।**
पूर्वी एशियाई देश दक्षिण कोरिया के सरकार ने निम्न जन्म दर को आपात काल घोषित करते हुए इससे निपटने के लिए मंत्रालय बनाने की घोषणा की है। गुरुवार को टेलीविजन पर प्रसारित संदेश में राष्ट्रपति यून सुक योल ने कहा कि वह निम्न ज्नम दर से जुड़े मंत्रालय बनाने के लिए संसद से सहयोग मांगेंगे।

योल ने कहा, राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति धारण कर चुकी कम जन्म दर पर काबू पाने के लिए हम देश की सभी क्षमताओं को जुटाएंगे। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति 2022 में पद संभालने के बाद दो साल पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी सरकार सरकार लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों में असफल रही है। उन्होंने वादा किया कि अपने कार्यकाल के बाकी बचे तीन साल का इस्तेमाल अर्थव्यवस्था में सुधार लाने और कम जन्मदर को संबोधित करने में करेंगे। दक्षिण कोरिया में दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर है। प्रजनन दर को इस आधार पर मापा जाता है कि एक महिला के जीवनकाल में कितने बच्चे होंगे। दक्षिण कोरिया में साल 2023 में प्रति महिला यह औसत 0.72 दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष 0.78 से भी कम है। देश



में लगातार कई सालों में प्रजनन दर में गिरावट देखी जा रही है। किसी भी देश में आबादी को स्थिर रखने के लिए औसत प्रजनन दर का 2.1 होना जरूरी है। यानी हर महिला औसतन 2.1 बच्चे पैदा करे। दक्षिण कोरिया और उसके पड़ोस के दूसरे पूर्वी एशियाई देशों में जनसंख्या का डेटा चिंताजनक बना हुआ है। इन देशों में औद्योगीकरण के कुछ ही दशकों के बाद बूढ़ों की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है। जापान भी इस मामले में परेशानी से जूझ रहा है। युवाओं की घटती संख्या से इन देशों में कामकाजी आबादी भी कम हो रही है। यूरोपीय देशों में भी बूढ़ी हो रही आबादी का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस परिवर्तन के असर को दुनिया भर से आने वाले आप्रवासियों के चलते कम कर दिया जाता है।

## फिर फिसली जो बाइडन की जुबान, नाम को लेकर कर बैठे गलती, अब किम जोंग उन को बताया दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी एक गलती के कारण फिर से चर्चा में आ गए हैं। विश्व स्तरीय नेताओं के नाम को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति की जुबान फिसल गई। दरअसल, उन्होंने उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन को दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति कह दिया। उन्होंने यह गलती अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करने, और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के साथ ट्रंप के संबंधों को लेकर बात करने के दौरान की। बाइडन ने कहा, हम दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन के लिए उनके प्रेम पत्र और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए उनकी प्रशंसा को कभी नहीं भूलेंगे। बाइडन ने यह गलती व्हाइट हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल की मेजबानी करने के ठीक एक साल बाद की है। पिछले साल अगस्त में दोनों नेताओं ने कैंप डेविड में बातचीत भी की थी।

राष्ट्रपति बाइडन ने यह पहली बार विश्व स्तरीय नेताओं के नाम को लेकर गलती नहीं की है। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के नाम को लेकर बाइडन इससे पहले भी गलती कर चुके हैं। 2022 में दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान भी बाइडन ने राष्ट्रपति यून को मून कहकर संबोधित किया



था। केवल दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि अन्य नेतओं के नाम को लेकर भी बाइडन गलती कर चुके हैं। पिछले साल जुलाई में लिथुआनिया में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्लादिमीर कह दिया था। फरवरी में बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल सिसि को मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर के साथ मिला दिया था। हाल ही में बाइडन ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रेंकोइस मिटरैंड कहकर संबोधित किया।

# नेतन्याहू धमकी देना बंद करो, नहीं तो परमाणु बम गिरा देंगे- ईरान

**तेहरान, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास के बीच महायुद्ध में हम दुनिया को जलते हुए देख रहे हैं। लाखों लोगों के कत्लेआम और अमूल्य संपदा के खाक होने के बावजूद तीसरे महायुद्ध का खतरा बढ़ गया है। मुस्लिम देश ईरान ने धमकी दी है कि अगर उसे अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से नहीं चूकेगा। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार ने कहा है कि इजरायल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अगर उसे इजरायल से खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु युद्ध नीति को लेकर खाई अपनी कसम भूल जाएगा।

पिछले कुछ महीनों से इजरायली हुकूमत हमास आतंकियों को जड़ से खत्म करने के चक्कर में पूरी दुनिया से पंगा लेने पर लगी है। पहले उसने गाजा शहर में कत्लेआम मचाया और अब हमास को खत्म करने के लिए राफा में नरसंहार के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। हमास को चोट पहुंचाने के लिए इजरायल उसके कथित दोस्तों को भी निशाना बना रही है। ईरान के कमांडरों को हवाई हमले में मौत के घाट उतारकर इजरायल इस मुस्लिम देश से पंगा ले चुका है। जवाब में ईरान ने भी काउंटर अटैक कर दुश्मनी को और हवा दे दी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार ने कहा है कि इजरायल से तेज होती दुश्मनी ने उसे अपनी परमाणु नीति को बदलने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जोर देकर कहा है कि अगर इजरायल उसके लिए खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से भी पीछे नहीं हटेगा।

ईरान का इजरायल को परमाणु हमले की धमकी देना मामूली बात नहीं है, खासकर तब जब दुनिया पहले ही दो महायुद्ध को अपनी आंखों के सामने देख रही है। फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच कत्लेआम जारी है। उधर, इजरायल हमास के नामो-निशान को मिटा देने की कसम खा चुका है। पहले गाजा को श्मशान बनाया और अब राफा शहर में नरसंहार का खतरा मंडरा रहा है। इजरायली सेना राफा पर कभी भी हमला कर सकती है। अनुमान है कि राफा में कम से कम 16 लाख फिलिस्तीनी रह रहे हैं, इनमें लाखों गाजा से भागे वे लोग हैं, जिन्होंने इजरायली रक्षा बलों के हमलों में अपना सबकुछ गंवा दिया है। खामेनेई के सलाहकार कमल खर्राज़ी ने बड़ा बयान देकर तीसरे महायुद्ध की संभावना को बढ़ा दिया है।

खर्राजी ने ईरान के परमाणु सिद्धांत में बदलाव का संकेत दिया है। कहा कि ईरान ऐसा नहीं करना चाहता लेकिन, अगर उसे अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से भी नहीं चूकेगा। खर्राजी ने कहा, परमाणु बम बनाने का हमारा कोई निर्णय नहीं है, लेकिन अगर ईरान को इजरायल से खतरा महसूस होता है तो हमारे पास इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं होगा। दरअसल, इस साल अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास पर बमबारी के जवाब में ईरान और इज़रायल के बीच तनाव को चरम को पहुंचा दिया है। हालात ये हो गई कि ईरान ने सीधे





इजरायली क्षेत्र को निशाना बनाते हुए विस्फोटक ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की। परमाणु हथियारों के खिलाफ बोलने वाले खामेनेई ने अब न्यूक्लियर बमों के इस्तेमाल की पैरवीं करनी शुरू कर दी है। ईरान के पूर्व खुफिया मंत्री ने भी संकेत दिया कि बाहरी दबाव, विशेष रूप से पश्चिमी देशों के कारण ईरान परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की तरफ बढ सकता है। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट भी सामने आई है कि ईरान को कुछ अघोषित स्थलों पर यूरेनियम का भंडार मिला है। यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु बमों को विकसित और बनाने में किया जाता है। हालांकि ईरान ने यूरेनियम मिलने की बात कबूली जरूर थी लेकिन, कहा था कि वह परमाणु बमों को बनाने के बजाय इसका इस्तेमाल अपने हथियारों को विकसित करने में कर रहा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129